आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत





मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं

● वर्ष- 16 अंक 341 -● जबलपुर ● शनिवार, 14 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### हिमाचल में आया भूकंप

## आज सुबह धर्मशाला और चंबा में 2 बार लगे झटके

### लोग घरों से बाहर दौड़े, जानी नुकसान नहीं

**एजेंसी। हिमाचल की धरती बार-बार भूकंप के झटकों से डोल रही है। शनिवार सुबह धर्मशाला और चंबा के बॉर्डर पर एक नहीं, बल्कि 2-2 बार भूकंप आया। पहली बार सुबह 5 बजकर 10 मिनट पर 2 से 3 झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.80 आंकी गई।**

दूसरी बार 5 बजकर 17 मिनट पर 3 से 4 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता पहले भूकंप से ज्यादा यानी 3.20 आंकी गई। इसका केंद्र धर्मशाला के साथ लगती धौलादार की पहाड़िया और चंबा जिले का बॉर्डर के साथ लगता क्षेत्र रहा है।



#### कई गांवों में महसूस किए गए झटके

पहले भूकंप का केंद्र भी धौलाधार की पहाड़ियों के नीचे का क्षेत्र ऋत्र अंदरला ग्रोन रहा। भूकंप के झटके चंबा और कांगड़ा जिले के आसपास के कई गांवों में महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि इन झटकों के बाद कुछ लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।गनीमत यह रही कि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, मगर प्रदेश में बार-बार भूकंप के झटकों से लोग सहमे हुए हैं। बता दें कि हिमाचल के कांगड़ा, शिमला, किन्नौर, लाहौल स्पीति के कुछ क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील सिस्मिक जोन 5 में आते हैं।

## दोस्तों की गर्लफ्रेंड्स को रोकने फ्लाइट में बम की अफवाह

### पुणे से दिल्ली आई थीं लड़कियां

**नई दिल्ली एजेंसी।** दोस्तों ने कहा- हमारी गर्लफ्रेंड स्पाइस जेट की फ्लाइट से दिल्ली से पुणे जा रही हैं, हम उन्हें रोकना चाहते हैं। कुछ ऐसा करो कि वे रुक जाएं। दोस्ती निभानी थी, इसलिए उसने विमान में बम होने की झूठी खबर दे दी। गुरुवार को दिल्ली-मुंबई स्पाइस जेट की फ्लाइट में बम होने की सूचना के बाद जांच में यह बात सामने आई। पुलिस ने अफवाह फैलाने वाले ट्रेनी टिकट एजेंट को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ष्ठष्टक्करवि कुमार सिंह ने बताया कि अफवाह फैलाने वाले युवक अभिनव प्रकाश के दोस्त राकेश और कुणाल रोड ट्रिप पर मनाली गए थे। वहां उनकी दो लड़कियों से दोस्ती हो गई। वहां मौज-मस्ती करने के बाद चारों दिल्ली लौट आए।दिल्ली से दोनों लड़कियों का स्पाइसजेट की फ्लाइट से पुणे जाने का प्रोग्राम था। राकेश और कुणाल उन्हें कुछ दिन और रोकना चाहते थे। बार-बार कहने पर भी लड़कियां रुकने को तैयार नहीं हुई। दोनों ने अभिनव से फ्लाइट डिले कराने के लिए कहा। तीनों ने प्लानिंग करके स्पाइसजेट के कॉल सेंटर पर फोन करके विमान में बम होने की खबर दी। गुरुवार शाम स्पाइसजेट की दिल्ली-पुणे फ्लाइट में बम मिलने की खबर के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान की तलाशी ली गई। विमान को शाम साढ़े छह बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी। बम की सूचना मिलने के बाद एयरलाइन के अफसरों ने बोर्डिंग रोक दी और बमरोधी दस्ते को बुलाया। बाद में जांच में विमान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। ष्ठद्धस्स्न और दिल्ली पुलिस भी स्टैंडबाय पर रखा गया था। दिल्ली पुलिस ने जांच के बाद अभिनव को दबोच लिया, जबकि कुणाल और राकेश अभी फरार हैं।







## राहुल गांधी के साथ चलते वक्त हार्ट अटैक आया, पंजाब में यात्रा रोकी गई

**नई दिल्ली एजेंसी।** पंजाब में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को जालंधर से कांग्रेस सांसद चौधरी संतोख सिंह का निधन हो गया। उन्हें हार्ट अटैक आया। इसके बाद उन्हें फौरन फगवाड़ा के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी है। इस खबर के बाद राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा रोक दी और उनको देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। अभी अस्पताल के बाहर कांग्रेसियों की भीड़ लगी हुई है। शनिवार सुबह यात्रा लुधियाना के लाडोवाल टोल प्लाजा से फगवाड़ा की तरफ जा रही थी। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि 76 साल के संतोख राहुल से कुछ दूरी पर चल रहे थे। यात्रा में शामिल कांग्रेसियों ने दैनिक भास्कर को बताया कि सुबह 8.45 बजे उन्हें बैचेनी हुई। वे रुक गए और वहीं बैठ गए। लोगों ने उन्हें उठाया। राहुल गांधी फिल्लौर के भट्टियां तक यात्रा को ले गए। इसके बाद जैसे ही खबर मिली, यात्रा को रोक दिया गया। राहुल गांधी कुछ देर बाद कार में कुछ कांग्रेसी नेताओं के साथ रवाना हो गए हैं। बताया गया कि वे अस्पताल के लिए निकले हैं।

### दिल्ली में गिरफ्तार आतंकियों के ठिकाने से हैंड ग्रेनेड मिले

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली पुलिस को भलस्वा डेयरी इलाके के एक घर से 2 हैंड ग्रेनेड मिले हैं। पुलिस को यहां खून के निशान मिले। पुलिस को शक है कि यहां किसी की हत्या की गई है। 12 जनवरी को पुलिस ने दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से 2 संदिग्धों के गिरफ्तार किया था। ये दोनों भलस्वा डेयरी के इसी घर में रेंट पर रहते थे।पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकियों के मोबाइल से आतंकी प्लानिंग का ब्लू प्रिंट मिला है। पूछताछ में इनसे मिली जानकारी के बाद पुलिस ने शुक्रवार को उनके घर में छापेमारी की। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को जहांगीरपुरी इलाके में 2 संदिग्धों के छिपे होने की खबर मिली थी। 12 जनवरी को छापेमार कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जाने से रोका गया

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली में शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जाने से रोकने के मुद्दे पर सियासत हो रही है। शुक्रवार को सीएम अरविंद केजरीवाल दिल्ली के स्त्र वीके सक्सेना से मिलने कानून का किताब लेकर पहुंचे। स्त्र से मुलाकात के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम मिलकर काम करना चाहते हैं। स्त्र से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से हम लोग देख रहे हैं कि दिल्ली सरकार के कामों में उनका का हस्तक्षेप बढ़ता ही जा रहा है। इससे दिल्ली के लोगों के काम हो नहीं पा रहे हैं। इसी को लेकर

## कानून की किताब लेकर LG से मिलने पहुंचे केजरीवाल CM बोले

आज उपराज्यपाल से मिलने गया था। मैं देश का संविधान, जीएनसीटी एक्ट समेत कई कानूनों की किताबें लेकर गया था।



केजरीवाल बोले- स्त्र जो कर रहे हैं, वह सब असंवैधानिक है

केजरीवाल ने कहा कि कानून कहता है कि पुलिस, कानून और लैंड उपराज्यपाल का विषय और बाकी का अधिकार चुनी हुई सरकार के पास है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का आदेश कहता है कि ट्रांसफर्स विषयों पर उपराज्यपाल को निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। इसका मतलब है कि उपराज्यपाल ने जैस्मीन शाह का दफ्तर सील किया, एल्डरमैन बनाए, पीठासीन अधिकारी बनाया, 164 करोड़ की वसूली का आदेश दिया, शिक्षकों को फिनलैंड जाने से रोका वो सब असंवैधानिक है।

### तमिलनाडु में दोस्त के सामने छात्रा से गैंगरेप आरोपियों ने चाकू दिखाकर धमकाया

**नई दिल्ली एजेंसी।** तमिलनाडु के कांचीपुरम में बेंगलुरु-पुदुचेरी हाईवे के पास एक कॉलेज छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित और उसके दोस्त को चाकू दिखाकर धमकाया और अपने साथ ले गए। इसके बाद घटना का अंजाम दिया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।घटना गुरुवार शाम करीब 7 बजे की है, जब पीड़ित और उसका दोस्त एक निजी स्कूल के पास खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी पांच लोगों के एक ग्रुप ने उन्हें घेर लिया और चाकू की नोंक पर दोनों को डराने लगे और मारने की धमकी भी दी। फिर उन्होंने दोस्त के सामने पीड़ित के साथ बारी-बारी से रेप किया और जान से मारने और दफनाने की धमकी भी दी।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग







### शिव और दिग्गी की मुलाकात



भोपाल, यश भारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह स्टेट हेंगर पर मिले इस दौरान दोनों ने कई मुद्दों पर चर्चाकी।

## शरद यादव का अंतिम संस्कार आज, भोपाल से पार्थिव देह पैतृक गांव आंखमऊ रवाना

**भोपाल यशभारत।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और छ्वष्ठ (जनता दल) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव आंखमऊ (नर्मदापुरम) में होगा। दिल्ली से चार्टर्ड फ्लाइट के जरिए पार्थिव देह को राजाभोज एयरपोर्ट भोपाल लाया गया। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने श्रद्धांजलि दी। भोपाल से सड़क मार्ग के जरिए पार्थिव देह को आंखमऊ तक ले जाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी आंखमऊ तक जा रहे हैं।



दिग्विजय सिंह ने जब नर्मदा परिक्रमा की थी, उस वक्त शरद यादव भी उनकी परिक्रमा में शामिल हुए थे। शरद यादव का गुरुवार को 75 साल की उम्र में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था।

### आफताब ने आरी से किए थे श्रद्धा के 35 टुकड़े ऑटोप्सी में खुलासा

## डीएनए जांच में जंगल से मिले बॉडी पार्ट्स भी श्रद्धा के निकले

**नई दिल्ली एजेंसी।** श्रद्धा को मारकर उसके लिव इन पार्टनर आफताब ने आरी से ही शव के 35 टुकड़े किए थे। श्रद्धा की ऑटोप्सी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इससे 10 दिन पहले माइटोकॉन्ड्रियल ष्ठहृ रिपोर्ट में श्रद्धा के बाल और हड्डी के सैंपल मैच होने की पुष्टि हुई थी। वहीं, पिछले महीने आई एक और ष्ठहृ जांच में महरौली और गुरुग्राम के जंगलों में पुलिस मिली हड्डियां श्रद्धा की ही निकली थीं। 26 साल की श्रद्धा जिस फ्लैट में आरोपी आफताब के साथ रहती थी, वहां मिले खून के निशान भी श्रद्धा के खून से मैच कर गए हैं। पुलिस ने श्रद्धा के पिता के सैंपल लेकर यह ष्ठहृ जांच कराई थी। इस तरह पुलिस ने तीन अहम जांचों में आरोपी के खिलाफ सबूत मिलने का दावा किया है। आरोपी आफताब पूनावाला ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल में बंद है। आफताब ने 18 मई को श्रद्धा का मर्डर किया दिल्ली पुलिस के मुताबिक 28 साल के आफताब ने 18 मई को 27 साल की श्रद्धा का मर्डर कर दिया था। दोनों लिव-इन में रहते थे। आफताब ने श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए थे। इन्हें रखने के लिए 300 लीटर का फ्रिज खरीदा था। वह 18 दिन तक रोज रात 2 बजे जंगल में शव के टुकड़े फेंकने जाता था।



#### आफताब ने नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट में भी कबूली थी हत्या की बात

पिछले महीने आफताब का नार्को टेस्ट किया गया था। इसमें उसने श्रद्धा के मर्डर की बात कबूली थी। दिल्ली के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में 2 घंटे तक आफताब का नार्को टेस्ट चला था। आफताब ने टेस्ट में पूछे गए ज्यादातर सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए। उसने पॉलीग्राफ टेस्ट में भी श्रद्धा की हत्या की बात कबूल की थी।

# नर्मदा पर सरस्वतीघाट में शुरू हुआ पुल निर्माण

## अब घटेगी दूरी, नर्मदा किनारे बढ़ेगा पर्यटन

**जबलपुर, यशभारत। नर्मदा पर सरस्वतीघाट-ग्वारी गांव के बीच पुल का निर्माण शुरू हो गया है। पर्यटन के जानकारों के अनुसार इस पुल का निर्माण हो जाने से नर्मदा के दक्षिण तट पर स्थित ईको पर्यटन व धार्मिक पर्यटन के स्थल एक परिपथ में जुड़ जाएंगे। नाव से नदी पार करने पर निर्भरता कम होगी। क्षेत्र में पर्यटन के अवसर बढ़ेंगे।**

15 किमी का फेरा कम होगा। वृहद स्तर पर आयोजित होने जा रहे सामूहिक आदर्श विवाह एवं समाज के लोगों की मांग को देखते हुए रेल प्रशासन ने चार जोड़ी रेलगाड़ियों का उंचेहरा स्टेशन पर अस्थाई तौर से ठहराव देने का निर्णय लिया है। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान एक से छह दिसंबर तक महाकौशल, चित्रकूट, सारनाथ एवं बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर ट्रेन को उंचेहरा स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है।

### 26 करोड़ की लागत से साढ़े चार सौ मीटर लंबे पुल का निर्माण होगा

अब तिलवारा पुल पार कर डगडगा हिनौता से होते हुए नर्मदा के दक्षिण तट पर नहीं जाना होगा। 26 करोड़ की लागत से साढ़े चार सौ मीटर लंबे पुल का निर्माण होना है। इसके लिए नदी के दोनों तट पर पाइलिंग का काम शुरू हो गया है। पुल का निर्माण पाइल फाउंडेशन पर होना है।

### रुद्रकुंड-त्रिशूलभेद देख सकेंगे श्रद्धालु



अभी तक भेड़ाघाट आने वाले पर्यटक धुआंधार, पंचवटी देखने के साथ ही बंदरकूदनी तक नौका विहार कर ही वापस लौट जाते हैं। जबकि ऋषि जाबालि, ऋषि भृगु की तपोस्थली नर्मदा के किनारे इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में धार्मिक पर्यटन के केन्द्र स्थित हैं। सरस्वतीघाट व लम्हेटाघाट में पुल का निर्माण हो जाने से पर्यटक नर्मदा के दक्षिण तट पर स्थित शनि कुंड, इंद्रगया, ब्रह्माकुंड, सूर्यकुंड, चंद्रकुंड, लक्ष्मीकुंड, गुरू कुंड, हनुमान कुंड, त्रिशूल भेद, रुद्रकुंड, बूढ़ादेव जैसे धार्मिक पर्यटन केन्द्रों तक पहुंच सकेंगे। इसके साथ ही न्यू भेड़ाघाट, लम्हेटी छोर में स्थित ईको पर्यटन केन्द्र तक पर्यटकों की पहुंच आसान हो जाएगी। सालों पहले बंद हो चुकी मार्बल की खदान जो अब आकर्षक स्वरूप ले चुकी हैं, पर्यटक उन्हें भी देख सकेंगे।

### पंचकोसी परिक्रमा होगी सुगम

पुण्यसलिला नर्मदा की पंचकोसी परिक्रमा विराट रूप लेती जा रही है। विशेष तिथियों पर आयोजित होने वाली पंचकोसी परिक्रमा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नर्मदा पर पुल नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को अभी तक दो स्थान पर नाव से नदी पार करना पड़ती है। पिछले साल लम्हेटाघाट में केबल स्टे ब्रिज का निर्माण शुरू हो गया है। अब सरस्वतीघाट में भी पुल का निर्माण शुरू हो गया है।

## बिजली समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने किया विरोध प्रदर्शन



**जबलपुर, यशभारत।** जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर के द्वारा क्षेत्र बिजली की समस्याओं को लेकर 4 सूत्रीय मांगों को लेकर SDM कुंडम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य और ग्रामीणों ने बिजली समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने बिजली समस्याओं में जल्द सुधार के लिए आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन में किसानों को 24 घंटे बिजली दी जाए। 2. स्स्ऱ्स की जगह द्धड्डह्स्र ष्ड्डद्य4 में पहले की तरह बिल दिए जाएं। बिजली बिल समय पर हर महीने उपलब्ध किये जाए। हर महीने समय पर रीडिंग कर बिजली बिल दिया जाए। जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर , सुशील राय , संदीप साहू युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित साहू , मोनू ठाकुर समेत ग्रामीण जंन उपस्थित रहे।

## जीसीएफ को-आपरेटिव सोसायटी चुनाव20को

### 13को नामांकन से सिलसिला शुरू कल होगी नाम वापिसी

**जबलपुर यशभारत।**गत दिनों खमरिया सोसायटी प्रत्यायुक्तों के चुनाव के बाद अब जीसीएफ को आपरेटिव सोसाइटी के चुनावी नगाड़े बज चुके हैं।गत13जनवरी को नामांकन पत्र जमा किये गए।14को नामांकन पत्रों की जांच के बाद15जनवरी को नाम वापिसी के साथ चुनाव चिन्ह का वितरण किया जायेगा।इसके बाद आगामी 20जनवरी को मतदान होगा।उसके तुरंत बाद मतों की गणना के बाद देर शाम तक परिणाम घोषित दिये जायेंगे। वर्तमान में सोसायटी में बीपीएमएस मिले हाथ यूनियन का बहुमत और प्रबंध कमेटी है।चुनाव में मजदूर संघ हथोड़ा के साथ सत्ताधारी मिले हाथ और इंटक ने भी प्रत्यायुक्त प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद चुनावी गतिविधियां और प्रचार शुरू हो गया।सोसायटी सदस्यों में मंथन शुरू हो गया है कि इस बार किसे सोसायटी की बागडोर सौंपी जाए।



## गोहलपुर सब्जी मंडी में पसरा अतिक्रमण, प्रवेश द्वार पर पार्किंग

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर स्थित सब्जी मंडी में व्यवस्था फिर बेपटरी हो गई है। सब्जी की दुकानों के अलावा ठेलों और टपरों वालों ने बेजा कब्जा कर प्रवेश द्वार को बॉटल नेक बना दिया है। मंडी में लेफ्ट टर्न पर वाहनों की पार्किंग से राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। बाजार आने वालों के वाहनों से भी आधी से ज्यादा सड़क जाम हो जाती है।गोहलपुर सब्जी मंडी में रोजाना हजारों लोगों को आना जाना होता है। यहां कहने को तो नगर निगम ने पर्याप्त जगह की व्यवस्था की है। लेकिन अतिक्रमण के कारण व्यवस्था बदहाल हो गई है। सब्जी व्यापारी और किसान अंदर के बजाए बाहर दुकानें लगा रहे हैं। यहां प्रवेश करने वाला एक मात्र प्रवेश द्वार इतना संकरा हो जाता है कि दो व्यक्ति एक साथ अंदर बाहर नहीं आ जा सकते हैं। रहीं सही कसर चाय, पान के ठेले वालों ने पूरी कर दी है। सब्जी मंडी में व्यापारियों कों दुकानें लगाने के लिए पीछे की ओर जगह दी गई है। जहां लोगों ने दुकानें बनाकर कब्जा ले रखा है। लेकिन वे दुकानें आगे सड़क पर ही लगा रहे हैं। जबकि पीछे की कई दुकानें खाली हैं।

### लेफ्ट टर्न हो गया खत्म

मंडी के सामने गोहलपुर से अमखेरा रोड का लेफ्ट टर्न सब्जी मंडी आने वाले वाहनों की पार्किंग के चलते खत्म हो जाता है। कई बार सिग्नल के चलते रुके वाहनों को निकलने में इतनी परेशानी होती है कि दो बार सिग्नल ग्रीन से रेड हो चुका होता है। मंडी और गोहलपुर थाने के बीच महज एक दीवार का फासला है। सुबह से शाम तक पुलिस वालों का यहां आना-जाना लगा रहता है। लेकिन फिर भी अतिक्रमण करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। सब्जी मंडी के कारण थाने के वाहन बहुत धीमी गति से ही बाहर निकल पाते हैं। थाने के मुख्य द्वार पर बने मेट्रो बस स्टॉप पर भी कब्जा हो गया है। एक परिवार के लोग इसी जगह पर रहते हैं। इन्हें हटाने में न तो पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई की गई है और न ही नगर निगम ने इसे मुक्त कराने का प्रयास किया।

## महाकोशल स्कूल में 83 वां स्नेह सम्मेलन आयोजित



**जबलपुर, यशभारत।** छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ उत्साह से 83 वां स्नेह सम्मेलन में सहभागिता की। गुरुवार को महाकौशल महाविद्यालय में सम्मेलन हर्षोल्लास से मनाया गया। जहाँ मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विशिष्ट अतिथि जन अभियान परिषद् के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र जामदार रहे। अध्यक्षता महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत कुमार तनखीवाले ने की। उन्होंने मेधावी छात्रों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य आर. के गुजराल ने अतिथियों का स्वागत किया। वार्षिक प्रतिवेदन शिक्षक सचिव व्ही. के चौकसे ने प्रस्तुत किया। इस दौरान नाटक मंचन भी खूब रहा। संचालन एस. शुक्ला व जी. पटेल ने किया। इस दौरान मंडल सचिव प्रमोद दिवाकर पाठक व महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी मौजूद थे।

## स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में जीवन रक्षक कौशल कार्यशाला



**जबलपुर, यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, विजयनगर शाखा में शुक्रवार को छात्रों के लिए जीवन रक्षक कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टरों के द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कई महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। इस कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के एनएसथीसिया डिपार्टमेंट से डॉक्टर ममता महोबिया . डॉक्टर अर्चिशा सक्सेना , डॉक्टर आशीष गुप्ता . डॉक्टर कनुप्रिया निगम , डॉक्टर मयंक चंसोरिया की विशेष उपस्थिति रही । इन्होंने छात्र को सीपीआर (कार्डियोपलमोनरी रेस्क्यूसिटेशन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार हृदयाघात या कार्डिक अरेस्ट की स्थिति में सीपीआर दिया जाता है इन्होंने छात्रों को बताया कि सीपीआर देने के लिए किसी डॉक्टर की आवश्यकता नहीं पड़ती है सिर्फ कुछ जानकारियाँ व सावधानियाँ बरतते हुए आवश्यक प्राथमिक उपचार कर मरीज की जान बचाई जा सकती है। डॉक्टर अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद स्कूल की चेयरपर्सन मैडम मधु जायसवाल जी .मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जायसवाल एवं डायरेक्टर सुप्रिया जायसवाल ने पौधे व स्वागत कार्ड देकर किया। तथा इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए सभी डॉक्टरों का आभार प्रकट किया।





## रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले श्रीजी

### रांझी में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**जबलपुर,यशभारत। सकल जैन समाज रांझी के तत्वावधान में इंजीनियरिंग कॉलेज छात्रावास परिसर में शुक्रवार से श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज, मुनिश्री चंद्रसागर महाराज के सान्निध्य में यह आयोजन 19 जनवरी तक होगा।**

आयोजन के पहले दिन रांझी जैन मंदिर से श्रीजी की शोभयात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज छात्रावास पहुँची। जहाँ धर्मसभा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी विनय भैया बंडा के मार्गदर्शन में घटयात्रा, ध्वजारोहण, मंडप शुद्धि की गई। ध्वजारोहण का सौभाग्य श्रीमती प्रेम जैन वैशाली को मिला। मंडप का उद्घाटन विधायक अशोक रोहाणी ने किया। इस अवसर पर सौधर्म इंद्र पवन भाग्यश्री, कुबेर इंद्र डॉ मनीष जैन, भगवान के माता पिता कैलाश मनीषा जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिन जैन सहारा, पार्षद राजेश यादव, दामोदर सोनी,अनुराग दाहिया, निशांत झारिया उपस्थित रहे।

## माउन्ट किलिमंजरो में भारत देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे सौरभ



**जबलपुरयशभारत।** शहर से पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा जी का हुआ चयन साऊथ अफ्रीका किलीमंजारो जिस की ऊंचाई 5895 मीटर है लगभग 20000 ?ीट पर 26 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे सौरभ कुशवाहा जो की एक मजदूर गोहलपुर निवासी तीरथ प्रसाद कुशवाहा एवं सविता कुशवाहा के बेटे है और डी एन जैन महाविद्यालय के विद्यार्थी है सौरभ इससे पहले भी हिमालय की अनेक ऊँची चोटियों पर च? चुके है इस साल हिमालय के 17500 ?ीट ऊँची छोटी पर तिरंगा लहरा चुके है इसके लिए उनका चयन अटल बिहारी बाजपेयी माउंटेनीरिंग इंस्टिट्यूट में हुआ था इसकी यह ट्रेनिंग 29 मई से 26 जून तक चली थी इसके साथ ही वे अभी राजस्थान माउन्ट आबू में ऑल इंडिया मॉनट्रेनिंग केम्प में भाग लिया था जिसमे उन्हें सिल्वर मैडल मिला था अब वे इंटरनेशनल किलीमंजारो छोटी पर फतह करने जा रहे है अब इनका लक्ष्य माउंट एवरेस्ट जो की 8000 मीटर दुनिया की सबसे ऊँची छोटी है को फतह करना है सौरभ का ये केम्प 21 जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगा

## पूर्व वित्त मंत्री ने किया लघु वेतन कर्मचारी संघ का कैलेण्डर का विमोचन



फोटो १७

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ बरगी हिल्स समिति जबलपुर का वर्ष 2023 का कैलेंडर विमोचन विधायक पश्चिम क्षेत्र तरुण भनोत के द्वारा संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि कांत दहायत के द्वारा की गई। जिसमें डीएल वर्मा मुख्य अभियंता पीसी जैन कार्यपालन यंत्री महेंद्र कुमार ढिमोले राजेंद्र चतुर्वेदी प्रमोद कुमारश्याम रजक बाल गोविंद माली संजय अर्सिया कृष्ण कुमार पटेल देवेंद्र पटेल राजेंद्र यादव मुनींद्र दुबेचतुर प्रसाद मनीष बाजपाई राजेश ठाकुर शैलेश जैन गोलूमोहन लाल मिट्ठू लाल मरावी विशाल यादव भिकम चौधरी शिव नारायण साहू एवं समस्त कर्मचारी जन उपस्थित रहे।



# मकर संक्रांति में स्नान और दान कर लगाई आस्था की डुबकी

**जबलपुर यशभारत।** मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के घाटों पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। शहर में तड़के की ठंड होने के बावजूद श्रद्धालु मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान करने गौरीघाट सहित तमाम घाटों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। सुबह से ही भक्तों का तांता गौरीघाट, तिलवारा घाट, लम्हेटा घाट सहित अन्य घाटों में लगा हुआ हैं। हालांकि जिले में मकर संक्रांति आज और कल दोनों ही दिन मनाई जाएगी।

कोरोना के बाद बिना पाबंदी के मनाया जा रहा त्यौहार। कोरोना के बाद भक्तों की भीड़ का अंदाजा इस मकर संक्रांति में देखने को नहीं मिल रहा। भादो में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भक्तगण अपने परिवार सहित घाटों में पहुंच रहे हैं। दोपहर के बाद से गौरी घाट में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। भक्तों का कहना है पिछले साल को बैठ के कारण तमाम प्रकार की पाबंदी थी। लेकिन इस वर्ष बिना पाबंदी के त्योहार मनाने का उत्साह अलग ही है।



### यह हैं मान्यता...

हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान और दान को बेहद अहम माना जाता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं और इसके साथ ही सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन में भी जाते हैं। इसलिए ये स्नान बेहद अहम हो जाता है। स्नान के बाद खिचड़ी, तिल, वस्त्र आदि का दान किया जाता है।

जिले के तमाम घाटों में 600 से अधिक जवान तैनात मकर संक्रांति के अवसर पर जबलपुर पुलिस ने भी खास तैयारियां की है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक कोरोना के दो साल बाद मकर संक्रांति स्नान हो रहा है। ऐसे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। जिले के तमाम घाटों में 6 सौ से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है।

सड़कों में लगाए गए हैं बैरिकेट्स, घाट में दो पहिया चार पहिया वाहन प्रतिबंधित गौरी घाट में अधिक भीड़ होने के कारण इसे 4 जोन में विभाजित किया गया है। पुलिस के द्वारा संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। इसके साथ ही घाटों में होम गार्ड के जवान भी तैनात किए गए हैं। साथ ही सड़कों में बैरिकेट्स भी लगाए गए हैं घाटों में पार्किंग के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गौरी घाट में रामलला मंदिर के नजदीक से डायवर्सन किया गया है। जहां दशहरा मैदान में पार्किंग की गई है। पुलिस के द्वारा घाट स्थल में दोपहिया और चार पहिया वाहन को प्रतिबंधित किया गया है।

# रंजिशन कुल्हाड़ी से किए ताबड़तोड़ वार

### युवक अस्पताल में भर्ती, आरोपी अभिरक्षा में

जबलपुर, यशभारत। खमरिया में पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित युवक के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर, आरोपी ने बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया



है। वहीं मुस्तैद पुलिस ने प्रकरण दर्ज होते ही आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया जिसे आज माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सुनील ठाकुर उर्फबाली गोंड़ 26 वर्ष निवासी मढ़ियाटोला पिपरिया ने बताया कि वह अपने घर के पास में था तभी बुट्टन ठाकुर अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुये कहा आज जान से खत्म कर दूंगा और कुल्हाड़ी से हमलाकर माथे में हमला कर दिया। गठित टीम द्वारा सरगर्मीसे तलाश करते हुये आरोपी बुट्टन ठाकुर 45 वर्ष निवासी मढिया टोला पिपरिया को अभिरक्षा में लेते हुये कुल्हाडी जब्त करते हुये आरोपी को आज मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।



# हम सारे राज्यों के चुनाव जीतेंगे : केंद्रीय मंत्री तोमर

**जबलपुर यशभारत।** हमेशा देश तोड़ने की कोशिश करती है कांग्रेस। नकारात्मक राजनीति पर रहा है कांग्रेस का भरोसा। फूट डालो राज करो की नीति पर चलती है कांग्रेस। हम सारे राज्यों के चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस की विवादित किताब पर बोले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर। वे रानीताल खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तीसरे दिन पतंग उत्सव में शामिल होने आए हैं।उन्होंने ने कहा कि अपने किए को ही आज भुगत रही है कांग्रेस। आने वाले समय में भी कांग्रेस उठाएगी खामियाजा। 28 जनवरी से किसान नेता राकेश टिकैत की वैचारिक यात्रा पर बोले तोमर, कहा केंद्र सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। 2014 के बाद से किसानों के लिये जो काम हुआ वो ऐतिहासिक है। आज 1 लाख 32 हज़ार करोड़ कृषि का बजट है। सरकार की योजनाओं की जानकारी अगर किसानों तक लोग पहुंचाएं तो ज़्यादा बेहतर होगा। भाजपा की आगामी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पर तोमर ने कहा कि इस साल नौ राज्यों में चुनाव होने हैं, इस लिहाज़ से यह बैठक अहम है। भाजपा के पास एक चमत्कारिक नेतृत्व के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। विकास कार्यों के चलते देश पीएम मोदी के पीछे खड़ा है। हम सारे राज्यों के चुनाव जीतेंगे। उन्होंने परंपरागत खेलों के आयोजन को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह युवाओं को खेलों से जोड़कर अनुशासित बनाया जा सकता है उन्होंने सूर्य देवता की पूजा की उन्हें जल चढ़ाया उसके बाद पतंग उत्सव में पतंगबाजी में हाथ आजमाए नरेंद्र मोदी और तोमर के चित्र वाली पता केंद्रीय मंत्री ने आसमान में उड़ाई दूसरी तरफ राकेश सिंह ने भी अपनी पतंग उसी देर में रानीताल खेल परिसर के ऊपर पतंगों से आसमान पट गया।

## स्थापना दिवस: कोई बना भगत सिंह तो कोई बनी लक्ष्मी बाई

**जबलपुर,यशभारत।** विकलांग सेवा भारती का स्थापना दिवस एवं वार्षिक समारोह मे श्री सिद्धार्थ बहुगुणा ( पुलिस अधीक्षक ) के मुख्य अतिथ्य मे और श्री रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रंजना ठाकुर पार्षद, पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी, आर के श्रीवास्तव, श्री सौरभ तिवारी ( आर आई ) श्रीमती आरती पुरकायस्थ रही। संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन राकेश शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बबीता शिवहरे /जुवेद सर और आभार नीतू चौधरी ने किया इस अवसर पर दीपांकर बैनर्जी (क्षेत्रीय निर्देशक स्पेशल ओलम्पिक भारत मध्य प्रदेश ), दीपक संघी ( संस्था अध्यक्ष ),उमाकांत मालवीय उपाध्यक्ष एलिक डिसूजा, श्याम साहनी सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा है।

## वैवाहिक सम्मेलन 21 को

**जबलपुर, यशभारत।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था का प्रथम वैवाहिक परिचय सम्मेलन होना 21 जनवरी शनिवार, कार्यक्रम स्थल पुलिस कालोनी मैदान गढ़ा जबलपुर में तय हुआ है, जिसमें अविवाहित बालक, बालिकाऐं और साथ ही पुनर्विवाह के इच्छुक विप्र परिवार भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे, इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा विवाह इच्छुक परिवार संस्था में संपर्क करके रजिस्ट्रेशन करवायें।

# जबलपुर से नई ट्रेन चलें, यात्री सुविधा और सुरक्षा ज्यादा मिले: डॉ मिश्र

### जोनल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति बैठक सम्पन्न

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर,पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता,अपर महाप्रबंधक शोभन चौधरी, वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक पंकज शर्मा की उपस्थिति में आज जोनल रेल उपयोग कर्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन उप महाप्रबन्धक और सचिवअनुराग पाण्डेय नें किया। बैठक में एनआरयूसीसी सदस्य श्री लाल, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, पूर्व महापौर कटनी शशांक श्रीवास्तव, बलदीप मैनी, डॉ राजेश धीरावाणी, संजय राय मैहर, सुधीर शुक्ला, पुष्पराज सिंह चौहान सहित 25 सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जेडआरयूसीसी के सदस्य डॉ सुनील मिश्र ने सुझाव रखे कि जबलपुर जोन मुख्यालय के स्टेशन जबलपुर और मदन महल को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने, जबलपुर से अटारी ट्रेन को पुनः प्रारंभ करने, जबलपुर से रायपुर वाया गोंदिया नई ट्रेन चलाने, जबलपुर से प्रयागराज के लिए इंटरसिटी/ओवरनाइट अथवा वन्दे भारत ट्रेन, जो जबलपुर को प्रयागराज होकर - सीधे अयोध्या अथवा बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर वाराणसी को जोड़ सकें, चलाने की नितांत आवश्यकता है। जबलपुर के लगभग हर घर के बेटे अथवा बेटियां पुणे में जॉब कर रहे हैं, जबलपुर से पुणे नियमित ट्रेन की बहुत आवश्यकता है, पुणे स्टेशन पर ट्रेन के टर्मिनेशन की व्यवस्था यदि नहीं है, तो आगे पीछे के किसी स्टेशन से चलाने की व्यवस्था के सकारात्मक प्रयास किया जाना चाहिए। जबलपुर से देश की राजधानी को जोड़ने वाली एकमात्र सुविधाजनक ट्रेन जबलपुर हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट ट्रेन को हमेशा नए वाले कोचों के साथ चलाने, यात्री सुविधाओं तथा सुरक्षा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया। इसके लिए विशेष प्रयास महाप्रबंधक महोदय को जोन के मुखिया होने के नाते अपने स्तर से करने चाहिए।




# जय महादेव युवा संगठन ने निकाली विशाल भगवा यात्रा

**जबलपुर , यशभारत।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जय महादेव युवा संगठन के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद युवाओं की उपस्थिति में भगवा यात्रा निकाली गई। यात्रा का प्रमुख उद्देश्य स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा बताए गए रास्ते में चलने के लिए समाज में जनजागृति फैलाई गई। यह यात्रा पाटन बायपास रँगवा से दीनदयाल चौक से 41 नंबर तक निकाली गई। इस दौरान 41 नंबर स्कीम में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद जी की झांकी भी आकर्षण का केन्द्र बनी रही और आयोजन के उपरांत विशाल भण्डारा भी किया गया। जय महादेव युवा संगठन के संयोजक सचिन यादव ने बताया कि वह यह भगवा यात्रा विगत 5 वर्षो से निकालते हुए आ रहे हैं. उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह रहता है। कि समाज की युवा पीढ़ी व हर वर्ग स्वामी जी के बताए हुए पथमार्ग पर चले और समाज सेवा व देश सेवा के काम करते हुए समाज के पीड़ित व शोषित वर्ग की मदद करें। इस मौके पर युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वच्छ भारत, स्वास्थ्य भारत, रक्तदान महादान, बेटी-बचाओं-बेटी पढाओं, नशामुक्ति समाज, जल है तो कल, पर्यावरण को बचाना सहित अन्य का संदेश दिया गया और जन जागृति फैलाई गई।



# सरकारी कैलेंडर डायरी को मोहताज प्रदेश के सात लाख कर्मचारी

**जबलपुर यशभारत।** म.प्र. कर्मचारी कॉग्रेस के प्रदेश महा मंत्री एवं जिलाध्यक्ष संतोष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के 7 लाख कर्मचारियों को विगत वर्षों से शासकीय कैलेंडर एवं डायरी विभागों द्वारा प्रदाय नहीं की जा रही है। श्री मिश्रा ने बताया कि यह सरकारी डायरी / कैलेंडर मप्र के स्थापना के समय से ही विभागों में नि:शुल्क नव वर्ष में प्रदान किये जाते थे। संगठन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वर्ष 2023 के शासकीय कैलेंडर एवं डायरी विभागीय रूप में प्रदान किये जाने की निर्देश जारी करने की मांग की है। संगठन के संतोष मिश्रा, भूक्त सिंह, रघुन दिलीप सेन, रामकेश पटेल, मुकेश शुक्ला, राजाराम तिवारी, गो. इकबाल आदि पदाधिकारियों के राज्य धारा से कर्मचारी लिए में सीम निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया है।

# केंट का बाबी निकला मुरम चोर

**जबलपुर।** बरगी पुलिस ने केंट में रहने वाले खनन माफिया बाबी राजपूत का मुरम से भरा हाइवा जप्त करते हुए ड्रायवर को गिरफ्तार किया। खनन माफिया काफी समय से मानेगांव क्षेत्र से मुरम चोरी करवा रहा था जिसकी अनेक शिकायतें पुलिस को मिल रही थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को दबिश देते हुए मुरम से भरा हाईवा जप्त किया। थाना प्रभारी बरगी रीतेश पा.डे ने बताया कि दोपहर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि मानेगांव की ओर से ,क टाटा कम्पनी नीले रंग का 10 चक्का हाईवा चालक मानेगांव से मुरूम चोरी कर बेचने के लिये जबलपुर की तरफ लेकर जा रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताये अनुसार मानेगांव तिराहा पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर में उक्त हाईवा आते हुये दिखा हाईवा को रोक कर चालक से नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम नरेश कुमार ठाकुर उम्र 48 वर्ष निवासी सगड़ा बस्ती तिलवारा बताया हाईवा में लोड मुरूम के संबंध में पूछने पर हाईवा के मालिक बाबी राजपूत निवासी केंट के कहने पर मानेगांव खदान की रेत चुराकर बेचने के लिये जबलपुर लेकर जाना बताया, आरोपी हाईवा चालक नरेश कुमार ठाकुर से हाईवा मय मुरूम के जप्त करते हुये हाईवा चालक ,वं हाईवा मालिक बाबी राजपूत निवासी केंट के विरूद्व धारा 379, 414, 34 भादवि ,वं 4/21 खान खनिज अधिनियम तथा 53 झै.ा खनिज अधिनियम ,वं 130(3)/177 मोटर व्हीकल ,क्ट के तहत कार्यवाही करते हुये हाईवा मालिक की तलाश जारी है।

### जगजीत चित्रा गीत ग़ज़ल मंच की सुर संगीत संध्या आयोजित

# संजीव और प्रियंका के सुर और संगीत का चला जादू

जबलपुर यशभारत। विगत दिवस रोटरी क्लब हॉल सिविल लाईन्स में मुम्बई के अंतरराष्ट्रीय ग़ज़ल-गीत गायक संजीव भटनागर एवं जबलपुर की शान, जी म्यूजिक फेम प्रियंका श्रीवास्तव ने जगजीत चित्रा गीत ग़ज़ल मंच एवं रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सुर संगीत संध्या में फिल्मी और गैर फिल्मी गीत और ग़ज़लों को अपने दिलकश अंदाज़ में गाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बार-बार पूरा हाल तालियों से गूँजा। प्रारम्भ में कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व जनरल मेजर मध्य भारत एरिया श्री एस पी एस सिद्धू, मुख्य अतिथि एफ बी फेमिली आइकॉन, वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय सिन्हा, विशिष्ट अतिथि मोहन परोहा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, बल्दीप सिंह मैनी तथा कार्यक्रम में पधारीं सितार वादिका रचना सिद्धू का स्वागत संस्थापक राजेश श्रीवास्तव,राज भट्ट, सिद्धार्थ ठाकुर, संतोष नेमा च्संतोषज, विजय जाटव व कार्यक्रम के विशिष्ट सहयोगी जितेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। अतिथि उद्बोधन एवं शुभकामनाओं के उपरांत संजीव भटनागर को संस्था द्वारा स्व. जगदीश ठाकुर स्मृति जगजीत सिंह ग़ज़ल शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। अतिथियों का परिचय, मंच की जानकारी तथा कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष डॉ. विजय तिवारी चकिसलयज द्वारा किया गया। सबकी आत्मीय उपस्थिति के प्रति आभार ज्ञापन जितेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राम ब्राह्मणे, राजीव गौड़, अंकुर झा ने अपने अपने वाद्ययंत्रों से गायन में चार चाँद लगाए। प्रो. सी बी सिंह पूर्व डीन कृषि विश्वविद्यालय, श्री आलोक श्रीवास्तव पूर्व एडी. कलेक्टर, श्री अतुल तिवारी एस एस पी (पोस्टल), बसंत शर्मा डिप्टी चीफ विजिलेंस ऑफिसर, प.म. रेलवे, योगेश गनोरे (कदम), अनूप सिन्हा, राजीव वर्मा, संगीता सिंह व विश्रांति सिंह (रोटरी), सोहन परोहा, प्रकाश श्रीवास्तव, अंजलि भटनागर, शुभांगी ठाकुर आदि की विशेष उपस्थिति रही।



**माढ़ोताल पुलिस ने मानवता का दिया परिचय**

# आईएसबीटी में गरीबों को बांटे कंबल

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए आईएसबीटी में गरीबों को कंबल वितरित किए गए। गौरतलब है कि बढ़ती ठंड के चलते लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में फुटपाथ और यहांवहा रहकर जीवन गुजार रहे लोगों का दर्द समझते हुए पुलिस ने दर्जनों गरीबों को कंबल का वितरण किया। इस दौरान सीएसपी तुषार सिंग, थाना प्रभारी रीना पाडेंय शर्मा, यदुवंश मिश्रा एसआई , मुरारी दुबे एएसआई दीनदयाल तिवारी आरक्षक सहित स्टाफ मौजूद रहा।



रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग**
**खुली निविदाएं दिनांक: 10/01/23**

निम्न लिखित कार्य के ई- निविदाएं भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियन्ता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सूचना क्रमांक-डी आर एम- डब्ल्यू -** जे.बी.पी 02-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-**दमोह : दमोह स्थित मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एवं स्टेशन मास्टर वाणिज्यिक के कार्यालय में सुधार का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य राशि रुपये-**25,51,168/-, **बयाना राशि रुपये-**51,000/-, **समापन अवधि-**06 माह। **2. निविदा सूचना क्रमांक-डी आर एम-** डब्ल्यू - जे.बी.पी 03-2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-**जबलपुर में टी.टी.ई. के विश्राम गृह का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य राशि रुपये-**65,98,236/-, **बयाना राशि रुपये-**1,32,000/-, **समापन अवधि-**12 माह। **उपरोक्त सभी निविदाओं के बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय (15:00 बजे तक)-** 03.02.2023, **उपरोक्त सभी निविदाओं के खुलने की अंतिम तिथि एवं समय (15:15 बजे)-** 03.02.2023। उपरोक्त ई-निविदाओं की संपूर्ण जानकारी वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) जबलपुर**
वैक्सीन लगवाएं, जीवन के सफर को सुरक्षित बनायें।

# एम.एल.सूद स्मृति स्कालरशिप वितरण समारोह




**जबलपुर, यशभारत।** स्व. मनोहर लाल सूद की स्मृति में नगर के मेधावी इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को स्कालरशिप महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट द्वारा प्रदान की जाती है। 12/01/2023 को अपरान्ह 03.00 बजे सेठ गोविन्ददास रंगमंच प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं ट्रस्ट के ट्रस्टी नित्यनिरंजन खम्परिया रहे। डॉ. एवं प्रो. राजीव खत्री चीफ कोआर्डिनेटर एवं मेम्बर सेक्रेटरी ने अपने उद्बोधन में इस छात्रवृत्ति के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस छात्रवृत्ति की शुरूआत 2010 से हुई है। यह स्कालरशिप श्री सूद जी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा तथा महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, जबलपुर के आयोजन में दी जाती है। आज के इस समारोह में 24 विद्यार्थियों को कुल राशि + 3,02,000/- वितरित की गई।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)** **निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 23/वर्ष 2022-23/कार्य.यं. नरसिंहपुर, दिनांक : 06.01.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2023_PWDRB_242838_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत रायपुर से डंगहा पपरा मार्ग लंबाई 8.10 कि.मी. का शेष निर्माण कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | 219.50 | 1,85,500 | 15,000 | पंचम आमंत्रण | 4 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 219.50 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 20.01.2023 (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेवसाइट **www.mptenders.gov.in** में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 20.01.2023 (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

जी- 21617/23

**कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर**

# अग्निवीर भर्ती : कल होगी लिखित परीक्षा, पहचान के लिए उम्मीदवार को शेविंग कराकर आना होगा सेंटर



**भोपाल यशभारत। अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 15 जनवरी को ईएमई सेंटर बैरागढ़, भोपाल छावनी क्षेत्र में होगी। इसमें भोपाल सहित 9 जिलों के उम्मीदवार शामिल होंगे। भोपाल के अलावा बैतूल, छिंदवा?ा, हरदा, होशंगाबाद, रायसेन, राजगढ, सीहोर और विदिशा जिले शामिल हैं। उम्मीदवारों को परीक्षा के दिन दोपहर 1 बजे से परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने एडमिट कार्ड के अलावा आधार कार्ड साथ में रखना होगा। उम्मीदवार की आसानी से पहचान हो सके, इसलिए उन्हें अपनी शेविंग करके आना होगा।**

उम्मीदवार का बायोमैट्रिक सत्यापन किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी बायोमैट्रिक सत्यापन के बगैर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की कोशिश करेगा तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः रद्द कर दी जाएगी।

सम्पूर्ण परीक्षा केन्द्र परिसर सीसीटीवी नेटवर्क के दायरे में होगा। उम्मीदवार अपने साथ परीक्षा केन्द्र के भीतर केवल एक खाली क्लिप बोर्ड और पेन लेकर आ सकेंगे। यदि अभ्यर्थी के क्लिप बोर्ड पर कोई मार्किंग पाई जाती है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा।

### आयुष यूजी काउंसलिंग :पहले राउंड में 47 प्रतिशत सीटों पर अलॉटमेंट जारी, अब 17 तक लेना होगा एडमिशन

**भोपाल, ईएमएस।**त्र मध्यप्रदेश आयुष संचालनालय द्वारा बीएएमएस (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी), बीएचएमएस (बैचलर ऑफ होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी ), बीयूएमएस (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।इसके चलते शुक्रवार को फर्स्ट राउंड की काउंसलिंग के तहत सीट अलॉटमेंट कर दिया है। सभी यूजी प्रोग्राम्स में 3565 सीट हैं। इसमें 1680 सीट स्टूडेंट्स को अलॉट की गई है। इनमें सरकारी कॉलेज में 529 सीट पर और प्राइवेट कॉलेजों में 1151 सीट पर अलॉटमेंट हुआ है। स्टूडेंट्स को सीट अलॉटमेंट लेटर के आधार पर शनिवार से 17 जनवरी की शाम 5 बजे तक औपचारिकताएं पूरी कर एडमिशन लेना होगा। वहीं 17 जनवरी शाम 7.30 बजे तक एडमिशन निरस्त भी करा सकते हैं। यह काउंसलिंग बीएएमएस के 29, बीएचएमएस के 17, बीयूएमएस के 2 कॉलेजों के लिए हो रही है। इसी दौरान बीएनवायएस (बैचलर ऑफ नेचरोपैथी एंड योगिक साइंस) के दो कॉलेजों भी एडमिशन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

## फिल्म गांधी वर्सिस गोडसे का कांग्रेसियों ने किया विरोध राजकुमार संतोषी का पुतला फूंका

**भोपाल,ईएमएस।** ।गांधी वर्सिस गोड़से फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ है। इसे देखकर कांग्रेसियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुणाल गजभिए के नेतृत्व में बोर्ड आफिस चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी करके फिल्म के डायरेक्टर राजकुमार संतोषी का पुतला फूंका। गजभिए ने कहा फिल्म का ट्रेलर देखने से लगता है ये फिल्म सोची समझी साजिश के तहत बनाई गई है। इस फिल्म में मुस्लिम समाज और गांधी जी के बारे में आपत्तिजनक दृश्य व संवाद दिखाए गए हैं। फिल्म के डायरेक्टर राज कुमार संतोषी जो आरएसएस के समर्थक हैं। उन्होंने महात्मा गांधी की छवि धूमिल करने का नीच कार्य किया है। 26 जनवरी को फिल्म सिनेमा घरों में प्रदर्शित होती है तो कड़ा विरोध करेंगे। इस फिल्म में कैसे गोड़से को हीरो बनाया गया है। ये फिल्म देश को बांटने का काम करेगी। इधर पूर्व पार्षद प्रदीप मोनू सक्सेना ने भी फिल्म का विरोध किया है। सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोड़से को फिल्म में हीरो बताया गया है। यह सोची समझी साजिश के तहत फिल्म बनाई गई है। ऐसी फिल्म लोगों को बांटने का काम करेगी। इससे फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं चलने देंगे। सड़कों पर आकर विरोध करेगा।

### बिहार सरकार में मंत्री के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज

अखिल भारतीय रघुवंशी सोशल ग्रुप की ओर से अयोध्या नगर थाने में शुक्रवार को सनातन धर्म के पवित्र ग्रंथ श्रीरामचरित मानस को नफरत फैलाने वाले बिहार सरकार के मंत्री चंद्रशेखर यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। ग्रुप के सयोंजक बलवंत सिंह रघुवंशी, ब्राह्मण समाज के पंडित राघवेंद्र शुक्ला, अखंड रघुवंशी समाज के मुकेश रघुवंशी, किरार क्षत्रिय समाज मंत्री को हटाने की मांग की। ग्रुप के पदाधिकारियों का कहना है कि ऐसे अज्ञानी मंत्री के विरुद्ध रघुवंशी समाज सहित सभी सनातन धर्म को मानने बाले संगठन राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## प्रदेश की एक मात्र टेक्निकल यूनिवर्सिटी में टीचिंग फैकल्टी के 79प्रश पद खाली

### आरजीपीवी के पास भर्ती के पावर

**भोपाल, ईएमएस।** प्रदेश की एक मात्र टेक्निकल यूनिवर्सिटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में 2009 के बाद से रेगुलर प्रोफेसर्स की भर्ती नहीं हुई। आरजीपीवी में मुख्य कैंपस के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी), यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) और पॉलिटेक्निक व यूआईटी (शिवपुरी, झाबुआ और शहडोल) में टीचिंग फैकल्टी के 413 पदों से 329 पद खाली हैं। यानी 79त्न पद खाली हैं।



इनमें से 212 पद एंट्री लेवल के यानी असिस्टेंट प्रोफेसर के 190 और 22 पद व्याख्याता हैं। बाकी पद सीनियर फैकल्टी मेंबर्स के लिए खाली हैं। इसका सबसे ज्यादा नुकसान रिसर्च वर्क के लिए हो रहा है। प्रदेश की एक मात्र टेक्निकल यूनिवर्सिटी होते हुए भी विवि में ऐसी बड़ी कोई रिसर्च, स्टडी नहीं हुई, जिसका फायदा कोविडकाल में स्थानीय स्तर पर राज्य सरकार को मिला हो।विश्वविद्यालय अपने स्तर पर भर्ती करने से कर रहा परहेजविश्वविद्यालय अपने स्तर पर भर्ती करने से परहेज कर रहा है। प्रो. सुनील कुमार का दूसरा कार्यकाल है, लेकिन भर्ती नहीं करा पा रहे हैं। सिलेक्शन प्रोसेस के लिए पहले प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) और इसके बाद मप्र लोक सेवा आयोग (पीएससी) से भर्ती करानी चाही। अब तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) की भर्ती प्रक्रिया में शामिल होना चाहता है, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे।यूटीडी में 70 पद खाली यूनिवर्सिटी कैंपस में संचालित विभिन्न यूडीटी में प्रोफेसर 7 में 5, एसोसिएट प्रोफेसर के 21 में से 17 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 30 में से 22 पद खाली हैं।यहां भी 26 पद खाली यूनिवर्सिटी कैंपस में संचालित पॉलिटेक्निक में प्राचार्य का पद खाली है। विभागाध्यक्ष के 4 में से 3 और व्याख्याता के 27 में से 22 पद खाली हैं। कुल 26 पद खाली हैं।

#### भर्ती नहीं होने के दो बड़े कारण- आरक्षण और कुलपतियों का डर

विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती नहीं होने से टीचिंग के साथ रिसर्च प्रभावित हो रहे हैं। भर्ती नहीं होने के पीछे दो बड़े कारण हैं। आरक्षण और कुलपति में इच्छाशक्ति की कमी है। कुलपति को डर रहता है कि किसी तरह की गलती होती है तो राज्य शासन इमरजेंसी की धाराओं का उपयोग कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। यदि शासकीय एजेंसी से भर्ती के लिए सेंट्रलाइज्ड सिस्टम हो तो विवि में भर्ती की समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी।

**-डॉ. एचएस त्रिपाठी, पूर्व रजिस्ट्रार, बीयू**

## व्यापारी ने आनलाइन मंगाई मशीन, निकला स्टूल और गत्ता

**भोपाल,ईएमएस।** गोविंदपुरा के गौतम नगर में रहने वाले एक व्यापारी आनलाइन खरीदारी में धोखाधड़ी का शिकार हो गया। उसने आनलाइन दो बार मसाज मशीन की बुकिंग की थी,लेकिन मशीन के स्थान पर पार्सल में एक बार गत्ता और दूसरी बार में स्टूल निकला। इस पर पीड़ति ने उस आनलाइन शापिंग कंपनी से संपर्क किया,लेकिन व्यापारी का सामान वापस नहीं हुआ तो उसने थाने में जाकर शिकायत की। इस पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गोविंदपुरा पुलिस थाने के एसआइ मुकेश स्थापक के मुताबिक गौतम नगर गोविंदपुरा में रहने वाले 55 साल के राजेश बाथम रेस्टोरेंट संचालित करते हैं। उन्होंने 24 दिसंबर को एक आनलाइन शापिंग वेबसाइट से एक मसाज मशीन के लिए आर्डर किया था, लेकिन जब पार्सल आया तो पहली बार में कागज का गत्त निकला। इस पर उन्होंने उस वेबसाइट से दोबारा से संपर्क कर गलती सुधारने के लिए बात की,लेकिन कंपनी ने उनकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं की।कंपनी ने दोबारा से बुकिंग की बात कही। जब उन्होंने दोबारा उस मशीन को बुक किया तो दोबारा से उसके पार्सल में स्टूल निकला। व्यापारी ने इस मामले में परेशान होकर गोविंदपुरा थाने में इस मामले में शिकायत की। पुलिस ने आवेदन की जांच उस वेबसाइट के बारे में जानकारी जुटाकर उस कंपनी के निम्बस पोस्ट के कर्मचारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है।गोविंदपुरा पुलिस अब इस मामले में उस कंपनी के पते पर पत्रचार कर इस मामले की जानकारी मांगी। जानकारी मिलने के बाद पूरे मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस यह पता करेगी कि कंपनी की तरफ से गलती हुई है या कोरियर कंपनी के कर्मचारी ने इस मामले में गड़बड़ी की है।

## मां ने नाबालिग बेटी के साथ मिलकर की थी सेवानिवृत्त बाबू की हत्या

**भोपाल, यशभारत।** पिपलानी में बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त बाबू 65 वर्षीय दिलीप कुमार मोहाडकर हत्या की गुत्थी का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में 40 वर्षीय महिला और उसकी 16 साल की बेटी को गिरफ्तार कर लिया।हत्या का बाबू और महिला के बीच में दो हजार रूपयों के विवाद को लेकर की गई, महिला और रूपये मांग रही थी और वह टरका रहे थे।हत्या के बाद आरोपित मां और बेटी ने घर की अलमारी से बहू के छह लाख कीमत के जेवर और डेढ़ लाख रूपयों से ज्यादा की रकम चुराकर घर में पूरा सामान बिखराकर रायसेन सिलवानी भाग गई थी। पुलिस ने सौ सीसीटीवी और 37 लोगों से पूछताछ के बाद आरोपितों तक पहुंच सकी। बता दें कि भेल नगर पिपलानी में रहने वाले एमपीईबी के सेवानिवृत्त बाबू दिलीप कुमार मोहाडकर की बीते मंगलवार की रात पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। बाद में बेटी का फोन रिसीव नहीं करने पर पड़ोसी एनके मूले ने उनके पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस और स्वजनों को दी थी।बाद में अज्ञात आरोपितों पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।




### सीसीटीवी से मिला सुराग

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि हत्या के मामले गवाहों और संदिग्ध सहित 37 लोगों से पूछताछ की गइ्र थी। दिलीप मोहाडकर के घर पर महिलाओं को अधिक आना जाना लगा रहा था। इसलिए सौ सीसीटीवी देखने के बाद एक सीसीटीवी में मृतक के घर के सामने दो महिलाएं दिखी थी, उनके मुंह ढंके थे। उन पर संदेह हुआ और उस फुटेज की मदद से आरोपित महिला तक पहुंचे। वह भोपाल में अयोध्या नगर सेंट थामस स्कूल के पास रहने वाली 40 महिला है। उसका पति आटो चलाता है और उसने अपनी 16 साल की बेटी के साथ मिलकर इस हत्या का अंजाम दिया। महिला का कहना है कि वह अक्सर उनकी मदद करते थे, वह उसे बिना मांगे रूपये दे दिया करते थे। वह 11 जनवरी को बेंगलुरु जा रहे थे, मैंने कहा और ज्यादा रूपये दे दो ,लेकिन वह मना करने लगे। इसी को लेकर विवाद होना शुरू हुआ।महिला शादी पार्टी में घरों में खाना बनाने का काम करती है। दिलीप मोहाडकर के बेटे की शादी में घर के लोगों के खाना बनाने के दौरान वह उनके संपर्क में आई थी, तब से वह उसका पूरा ख्याल रख रहे थे। वह जब बुलाते वह उनसे मिलने जाती थी।

### रूपये को विवाद होने में मारपीट की, घर की अलमारी खंगाली

पुलिस उपायुक्त श्रृदा तिवारी ने बताया विवाद के दौरान महिला ने आंखों में दलीप के आंखों में मिर्च झोंककर सिर में गुलदस्ता रखने का कांच का बर्तन उसके सिर पर दे मारा है। बाद में उसके पैर बनियान से बांधकर मां - बेटी ने घर में रखी प्लासनुमा सरसी और बेलन से उसके सिर में दनादन बार किए। उससे पहले वह पहले पहली मंजिल की अलमारी से सामान चुराने लगे थे, इसको लेकर दिलीप ने उनको रोका भ्री था।

## तीन दिन के लिए शीत लहर और कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

भोपाल। नई दिल्ली हिमाचल व उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने उत्तर भारत समेत दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन शीत लहर व कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में आज की सुबह भी बेहद सर्द है और लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते दिखे। इस दौरान न्यूनतम तापमान चार डिग्री तक पहुंचेगा। जबकि दिल्ली के कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री से भी कम तापमान पहुंच सकता है। दरअसल, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड की वापसी हो रही है। इससे दिल्ली-एनसीआर में 48 घंटों में मौसम सर्द हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार घने कोहरे व सर्दी का असर शनिवार से ही देखने को मिलेगा। लेकिन हाड कंपा देने वाली सर्दी का असर 15 जनवरी से शुरू होगा। मौसम विभाग ने 17,18 व 19 जनवरी के लिए घने कोहरे व शीत लहर की स्थिति की भविष्यवाणी की है। इस दौरान न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री तक गिर जाएगा।

18 व 19 डिग्री को तो न्यूनतम तापमान चार व उससे कम रहने की उम्मीद है। शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई थी। लेकिन अब इस विक्षोभ का असर कम होगा। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 21.5 व न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन भर आंशिक रूप से बादलों ने डेरा डाले रखा।

## पंजाबी व सिंधी समाज ने घरों में मनाया लोहड़ी पर्व

### एक-दूसरे को दी बधाई

**भोपाल ईएमएस।** शहर में पंजाबी व सिंधी समाज के लोगों ने शुक्रवार को लोहड़ी पर्व उत्साह से मनाया। पर्व पर समाज के लोगों ने अग्नि प्रज्जवलित कर उसमें तिल व रेवड़ी समर्पित कर अच्छी फसल व सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पंजाबी बाग, गोविंदपुरा हमीदिया रोड व बैरागढ़ सहित अन्य स्थानों पर समाज के लोगों ने मैदानों में लकड़िया जलाकर परिक्रमा की और लोहड़ी पर्व मनाया। यह पर्व जिनके घर में नई बहू आती है या घर में पुत्र का जन्म होने वाले विशेष रूप से मनाते हैं।



लोहड़ी पर सुंदर, सुंदरिये, हो तेरा कौन बैचारा हो, दूल्हा भट्टी वाला हो...तिल हरिया परी तिल मोतिया जड़ी, तिल ओरा वेले आ जित्ते गिगे दा ब्याह करुं..आदि गीत गाए गए। अग्नि को भगवान का रूप मानकर चारों ओर परिक्रमा कर अरदास की। साथ ही अग्नि पर नई फसलों के आगमन के स्वरूप तिल्ली, मक्का आदि अर्पित किया। लोह?ी के पर्व की धूम सर्वाधिक उन घरों में दिखी, जहां संतान प्राप्ति और नववधु का आगमन हुआ है। भगवान का धन्यवाद किया। सामूहिक भोज का आनंद उठाया। लोगों में तिल से बनी मिठाइयां, रेबड़ियां, मक्का के दाने बांटे गए। वहीं जिस घर में नववधु का आगमन हुआ, उनको रेब?ियां और अन्य खाद्य वस्तुएं उपहार में देकर बधाई दी। उनको परिवार के सभी मौजूद सदस्यों ने मिलकर नवदंपति को आशीर्वाद दिया। साथ ही बुजुर्गो का सम्मान भी किया। साथ ही जिन परिवारों में संतान की प्राप्ति हुई, इसके लिए भगवान को धन्यवाद दिया। साथ ही दुल्ला भट्टी के गीत भी गाकर खुशियां मनाई। उत्सव के समापन पर परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद उठाया। वहीं इंटरनेट मीडिया पर दिन भर लोगों को बधाई देने का दौर चलता रहा।

## भोपाल का कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट

# टूटी ईंटों के चूल्हे पर बन रहा खाना अपने ही घर में मलबे पर रह रहे लोग

**भोपाल, यशभारत। भोपाल में कोलार रेस्ट हाउस से गोल जो? तक कुल 15.10 किलोमीटर लंबा सिक्सलेन बनाया जा रहा है। कुल 222 करो? रुपए लागत का यह राजधानी का पहला सिक्सलेन प्रोजेक्ट है। इसमें आ? आ रहे अतिक्रमण और दुकान-मकानों को तोड़ा जा रहा है। अकेले कोलार गेस्ट हाउस पर ही 36 मकान और 20 दुकानें हटाई गई हैं। अधिकांश मकान तो पूरे हटा दिए गए हैं, लेकिन कई ऐसे भी हैं, जो आधे ही टूटे हैं। जिसने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। टूटी ईंटों के चूल्हे पर खाना बन रहा तो लोग अपने ही घर में मलबे पर रहने को मजबूर है। इनके लिए कांग्रेस ने भी मोर्चा संभाला है।**

कोलार रेस्ट हाउस के सामने की लाइन में करीब 200 मीटर लंबाई में मकान-दुकानें हटाई गई हैं, जो सेंटर से 99 फीट दूर थे। कई परिवारों को अब तक दूसरी जगह नहीं बसाया गया है। इस कारण वे खुले में ही रहने को मजबूर है। परिवारों का आरोप है कि उन्हें न तो मुआवजा दिया गया और न ही रहने के लिए कहीं ओर जगह। वे यहां पर 40-50 साल से रह रहे थे। सरकार ने पट्टे भी दे रखे थे। अब कड़ाके की ठंड में अपने ही घर में मलबे पर रहने को मजबूर है। मामले में एसडीएम संजय श्रीवास्तव का कहना है कि मकान तोड़ने से पहले नोटिस दिए गए थे। वहीं, लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट में कोलार रेस्ट हाउस के सामने झुग्गियां हटाई गई हैं। वहीं, एक आंगनवाड़ी को भी हटाया गया है। ऐसे में बच्चे स्कूल और आंगनवाड़ी नहीं जा पा रहे हैं।कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट में कोलार रेस्ट हाउस के सामने झुग्गियां हटाई गई हैं। वहीं, एक आंगनवाड़ी को भी हटाया गया है। ऐसे में बच्चे स्कूल और आंगनवाड़ी नहीं जा पा रहे हैं।

### कड़ाके की ठंड में कहां जाए?

झुग्गियों में रहने वालों की एक कमेटी है। जिसकी अध्यक्ष आशा गायकवाड़ ने बताया कि हमें न तो मुआवजा दिया गया और न ही जमीन दी है, जबकि हम दूसरी जगह रहने की जगह देने को कहा गया था। कड़ाके की ठंड में परेशानी ब? गई है। उनका कहना है कि मकान तो?ने से पहले नोटिस भी नहीं दिए गए थे। 45 वर्षीय आशा गायकवाड़ का घर भी टूट गया है। वे यहां अकेले रहती थीं। रामचंद्र गौड़ ने बताया कि मेरा घर तो पीछे है, वो अभी बच गया है लेकिन मेरे सभी रिश्तेदारों के घर और दुकानें टूट गई हैं।

चाय की दुकान चलाने वाली निंबी मौरे का घर और दुकान दोनों अतिक्रमण के चलते टूट गए। उनके पति अपाहिज हैं, वे ही अपने घर के लिए रोजी-रोटी कमाती हैं। निंबी के परिवार में 5 लोगों में उनके पति, 2 बेटे और 1 बेटी है। जल्द ही उनकी बेटी की शादी होने वाली है। इससे पहले ही घर टूट गया।

### आंगनवाड़ी भी टूटी

इन झुग्गियों के बीच आंगनवाड़ी भी थी। इसे भी तोड़ दिया गया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता असमा खान ने बताया कि आंगनवाड़ी टूटने के बाद अब घरों में जाकर बच्चों को खाना दे रहे हैं। दूसरी जगह पर एक कमरा किराए पर लिया है आंगनवाड़ी के लिए, लेकिन वो यहां से दूर है। यहां के बच्चों को आंगनवाड़ी की बहुत जरूरत है, अच्छे खाने की जरूरत है। अब वो इतनी दूर नहीं जा पाएंगे।

# धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्म निरंदपुर रत्नाधाम में

**बेलेखाडू निरदंपुर, यशभारत।** श्री श्री 1008 रत्ना वाले स्वामी जी की असीम कृपा से परम पावन स्थली में श्री कृष्ण जन्म बड़े ही हर्षऔर उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तिमय गीत गूंजे तो सभी श्रद्धालु झूम उठे पं विनोद शास्त्री ने अपने उदबोधन में कहा कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है तब तब भगवान अवतार लेते हैं मकर सक्रांति के शुभ्ज्ञ अवसर पर भव्यमेला एवं पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया गया है। पं किशन लाल दुबे, मदनलाल दुबे, धनेश पुरी गोस्वामी, प्रभु दयाल साहू, मनी राम पटैल, रूद्रप्रताप सिह परिहार, आनन्द असाटी, चन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, उमेश दुबे, धन्नू साहू न सभी दद्दा भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

## अध्यक्ष मनोहर चौकसे को कार्यकारिणी ने धन्यवाद दिया

जबलपुर , यशभारत। कलचुरी समाज का युवक यवती परिचय सम्मेलन ऐतिहासिक एवं शानदार रहा विगत दिवस कलचुरी समाज भवन स्नेह नगर में सम्मेलन की समीक्षा के लिए कलचुरी महासभा कार्यकारिणी की बैठक, महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभी सदस्यों ने परिचय सम्मेलन के बारे में अपने अपने विचार रखे एवं एक मत से परिचय सम्मेलन के शानदार आयोजन के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोहर चौकसे , महामंत्री बीडी राय एवं समस्त कार्यकारिणी के प्रति भी धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। परिचय सम्मेलन में जो खामियां थी उनके निराकरण के लिए भी विचार किया गया। बैठक में संरक्षक डॉ वीके गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौकसे , कोषाध्यक्ष जे पी शिवहरे, राजेश



जायसवाल,मिथिलेश चौकसे, राजीव चौकसे, संजय चौकसे रांझी, राजेश जायसवाल फ्पप्पूफ्, केएस राय, संदीप चौकसे, राधेश्याम राय उमाकांत चौकसे, गोविंद चौकसे, राकेश राय, राजेंद्र राय, मनीष चौकसे, देवेंद्र चौकसे, संजय जायसवाल, एसएनएस राय आदि उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 19 वीं बैठक सम्पन्न




## सदस्यों ने यात्री सुविधाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए

**जबलपुर यशभारत।** रेलवे के विकास एवं यात्री सुविधाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जेडआरयूसीसी के कुल 25 सदस्यगणों ने हिस्सा लिया। रेलवे की ओर से अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक पंकज शर्मा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश पाठक, प्रमुख मुख्य इंजीनियर अनिल कुमार पाण्डेय, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त पी.के.गुप्ता, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर डॉ0 राकेश गुप्ता, महाप्रबन्धक के सचिव राहुल जयपुरियार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री राहुल श्रीवास्तव एवं अन्य प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक जी ने पश्चिम मध्य रेल की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये कहा कि यह वित्तीय वर्ष पश्चिम मध्य रेलवे के लिए उपलब्धियों भरा रहा है। बैठक में उप महाप्रबन्धक श्री अनुराग पाण्डेय ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन देकर सदस्यों को जानकारी प्रदान की। सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित यात्री सुविधाओं के विकास से संबंधित तथा यात्रियों की मॉगों के बारे में कई महत्वपूर्ण सुझावों को रेल प्रशासन के समक्ष रखा। सभी सदस्यों ने एकमत से पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबन्धक श्री गुप्ता ने कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिसम्बर माह तक परिचालन अनुपात लगभग 70 प्रतिशत है, पमरे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिसम्बर माह तक 5710 करोड़ रूपये की ओरजिनेटिंग आय अर्जित की है। दिसम्बर माह तक 138.88 किमी. का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण किया जा चुका है। पश्चिम मध्य रेल के बीना स्थित 1.7 मेगावाट क्षमता वाले सोलर पॉवर प्लांट को 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे फीड करने के लिए अंतर्राष्ट्रय स्तर पर ''इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे'' (यूआईसी) द्वारा 01 जून 2022 को बर्लिन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सस्टेनेबल रेलवे अवॉर्ड प्राप्त हुआ है जो कि पश्चिम मध्य रेल के साथ सम्पूर्ण भारतीय रेल के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

## मकर संक्रांति पर आरती एवं खिचड़ी भोग का आयोजन 8 बजे

**जबलपुर, यशभारत।** रामसिंह ठाकुर बबलू ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आरती एवं खिचड़ी भोग का वितरण माता महाकाली मंदिर गढ़ाफाटक में रात 8 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अजय विश्नोई पूर्व मंत्री विधायक एवं श्रीमती रजनी कैलाश साहू पार्षद, इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील रामसिंह ठाकुर बबलू, अभिषेक उसरेठे, शशिकांत गुप्ता, उमेश राठौर, समर यादव, सुरेन्द्र नामदेव, निखिल ठाकुर, अभिलेख नामदेव, हैप्पी शुक्ला, गुड्डू नामदेव, सुरेन्द्र ठाकुर, शालू ठाकुर, गौरव सेंगर, मनु ठाकुर, ठा युवराज सिंह आदि ने उपस्थिति की अपील की।

# वर्षभर रेल सुरक्षा बल ने किये सराहनीय कार्य



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल, रेल सुरक्षा बल, रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीस घंटे सतत् कार्य करते हुये सुरक्षित माल परिवहन के साथ-साथ रेल यात्रियो की सुरक्षा एवं सहायता भी कर रही है। रेल सुरक्षा बल द्वारा पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाले लाखों यात्रियों को हरसंभव सहायता की गई एवं महत्वपूर्ण यात्री गाड़ियों का अनुरक्षण करते हुये सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया गया। वर्ष 2022 की समयावधि के दौरान रेल सुरक्षा बल द्वारा निम्न उपलब्धियां प्राप्त की गई। नन्हें फरिश्ते अभियान के तहत घर से भागे हुये, अपहृत हुये, बिछड़े हुये 644 बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों/ चाईल्ड लाईन को सुपुर्द किया गया। जबलपुर मण्डल द्वारा 254 बालक एवं बालिकाओं को रेस्क्यू किया गया।

रेल सुरक्षा बल द्वारा वर्ष के दौरान 56 यात्रियों/व्यक्तियों का मिशन जीवन रक्षा के तहत बचाते हुये उनके जीवन को सुरक्षित किया गया। जबलपुर मण्डल दवाई 15 यात्रियों/ व्यक्तियों के जीवन को सुरक्षित किया गया।

आपरेशन अमानत के तहत 884 यात्रियों को उनके छूटे/मिसिंग सामान अनुमानित कीमत 1,55,75,495/- रू को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। जबलपुर मण्डल द्वारा 340 यात्रियों को उनके छूटे/मिसिंग सामान अनुमानित कीमत 45,95,375/- रू को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।

रेल अधिनियम के तहत कुल 36,857 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज किये गये एवं उन्हे न्यायालय में पेश किया गया जहॉ उनसे 2,95,12,067/- रू का जुर्माना वसूल किया गया। जबलपुर मण्डल द्वारा कुल 15377 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज किये गये एवं उन्हे न्यायालय में पेश किया गया जहॉ उनसे 1,07,65,718/- रू का जुर्माना वसूल किया गया।

## रेलवे ओएचई लाइन के आसपास पतंग न उड़ाएं, यह आप के लिए जानलेवा हो सकता है

**जबलपुर यशभारत।** संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे के सहित तीनों मंडलों के क्षेत्राधिकार में फैली हुई रेलवे लाईन, पूरी तरह विद्युतीकृत है। विद्युतीकृत रेलवे लाइनों के ऊपर 25000 वोल्ट के ओवर हेड तार लगे हुए हैं। यह देखा गया है कि मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में पतंगें उड़ाई जाती



हैं। पतंग उड़ाने के लिए मेटेलिक धागे का उपयोग किया जाता है, जिसके कारण 25000 वोल्ट के तारों के आस-पास पतंग उड़ाना जान लेवा साबित हो सकता है।आम लोगों से अपील है कि सावधानी बरतें तथा रेलवे लाइनों से पर्याप्त दूर रहकर पतंग उड़ाएं तथा त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से दूर रहें।

# बघराजी लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी पर जबलपुर जेपी बॉयज का कब्जा

**कुंडम, यशभारत।** सनी स्पोटिंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 32 में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मैच जेपी बॉयज जबलपुर एवं डीसीए क्रिकेट क्लब कटनी के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला का रोमांच चरम पर था 20-20 ओवरों के इस मुकाबले में दोनों टीमें अंतिम बॉल तक जीत रही थी आखिरी बाल पर जीत के लिए कटनी को 6 रनों की जरूरत थी लेकिन उनके बल्लेबाज प्रहलाद अंतिम बॉल पर सिर्फ 1 रन ही बना सके और जबलपुर जेपी बॉयज ने 5 रनों से जीत लिया अंतिम ओवर में कटनी को जीतने के लिए 8 रनों की आवश्यकता थी और उनकी अंतिम जोड़ी प्रहलाद और मनीष मैदान पर थी जेपी बॉयज क्रिकेट टीम के कप्तान ने अंतिम क्षणों में गेंदबाजी के लिए अपने भरोसेमंद बॉलर शुभांक को सौंपी शुभांक ने अपने अंतिम ओवर में मात्र 3 रन दिए और अपने कप्तान के निर्णय पर खरे उतरते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी पुरस्कार वितरण समारोह के प्रमुख अतिथि राजीव गांधी पंचायती राज के जिला संयोजक पंडित विवेक अवस्थी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संरक्षक एडवोकेट डॉ प्रशांत मिश्रा सेवादल जबलपुर के नगर अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे तहसीलदार प्रदीप कौरव डॉ प्रदीप मुन्ना सोनी मंचासीन थे इन सभी अतिथियों का सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी उपाध्यक्ष डॉ रजनीश विश्वकर्मा सचिव विनीष साहू नीरज पटेल महेंद्र विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा ने पुष्प हारों से शानदार से स्वागत किया इन सभी अतिथियों ने ग्रामीण अंचल में बिना शासन-प्रशासन की सुविधाओं के इस भव्य क्रिकेट के आयोजन के लिए सानी स्पोर्टिंग क्लब एवं क्षेत्रीय जनों को बधाई दी साथ ही खेलों और खिलाड़ियों से आम आदमी को शिक्षा लेने के लिए प्रोत्साहित किया खिलाड़ी कभी जीवन में हार नहीं मानता हारने के बाद भी फिर अगले दिन नए सिरे से अपने आपको रिचार्ज करते हुए पूरे जोश के साथ मैदान में खेलने उतरता है ऐसे ही हम और आप अपने जीवन को खेल बना लें खेल का हिस्सा बना लें तो जीने का कुछ और ही अंदाज और आनंद रहेगा इन सभी अतिथियों ने विजेता टीम जबलपुर को ?51000 नगद एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम कटनी को ?21000 नगद एवं ट्राफी भेंट की इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत श्रीमती अर्चना सिंह जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति मुकेश बर्मन मदन लाल बागरी बघराजी पुलिस चौकी प्रभारी सुश्री आरती मंडलोई राजेश सोनी पंडित राजा मालगुजार राम कुमार सोनी अनूप द्विवेदी महेंद्र विश्वकर्मा प्रीति सिंह ठाकुर अशोक सिंह ठाकुर डॉ रजनीश विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा जीतू पटेल योगेश पटेल आदिल खान हिमांशु विश्वकर्मा शिवम यादव सोनू रजक मनोज सिंह बागरी एसपी विश्वकर्मा नरेश जोगी पूर्व सरपंच सोनेलाल बर्मन उपसरपंच अनिरुद्ध सिंह बागरी सरपंच नरेंद्र सिंह सरपंच सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे इस फाइनल मैच के अंपायर जबलपुर से प्रेम कुशवाहा और आदिल खान थे स्कोरर सुदीप चौधरी जेपी वॉइस जबलपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर के इस मैच में ओपनर बल्लेबाज अजिंक्य मिली 59 रन राहुल कोस्टा 39 टन जलज त्रिपाठी 22 रन जफरुद्दीन 9 रन यस 7 रनों की मदद से जबलपुर की टीम ने 8 विकेट खोकर 153 रन बनाए कटनी के गेंदबाज राजा 2 विकेट शुभम प्रहलाद आयाज ने एक-एक विकेट लिया जबकि तीन खिलाड़ी रन आउट हुए जवाबी पारी खेलने उतरी डीसीए कटनी की टीम जीत के लिए 154 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी इस तरह जबलपुर ने 5 रनों से खिताबी जीत दर्ज की कटनी के बल्लेबाज आयाज 41 रन हर्ष 15 अनुराग 11 रन बलराम 12 रन मनीष 11 रन बनाए जबलपुर के गेंदबाज अमित ने 4 विकेट यश देवांश और शुभम को एक-एक विकेट मिला जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए इस मैच का मैन ऑफ द मैच अमित मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार कटनी के अनुराग शुक्ला को दिया गया।

# भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पहुँचे फग्गनसिंह कुलस्ते




**सिवनी लखनादौन यश भारत।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने को मजबूत करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी सिवनी-लखनादौन मंडल मैं कार्यकर्ता सम्मेलन का एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंत्री जी ने सभी कार्यकर्ताओं की समस्या सुनी और आदेशित अधिकारी को आदेश दिया कि समस्याओं का समाधान तुरंत करे । एवम भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे जी द्वारा अनिल गोल्हानी जी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया और लखनादौन मंडल अध्यक्ष नाहर पटेल जी को बनाया गया जिसमें मनीय केंद्रीय मंत्री जी द्वारा नव पदाधिकारियों का स्वागत किया गया एवं अपनी नई जिम्मेदारी शुभकामनाएं दी गई मंडल कार्यक्रम में सम्मिलित भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे जी केवलारी विधायक राकेश पाल जी जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान जी जिला उपाध्यक्ष विजय विजय जी जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी उईके जी नगर परिषद अध्यक्ष मीना गोल्हानीी मुकेश अग्रवाल, बंटी वर्मा , आशीष गोल्हानी ,राजेश पाराशर ,ज्ञान प्रसाद सर्वाय,सोनू पाराशर ,प्रशांत पटेल,अंकित साहू, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सर्वेश विशवकर्मा, सौरव तिवारी, राशिद खान,आशीष विश्वकर्मा,आशुतोष दुबे,अंशुल दुबे, आकाश गोलानी, रणजीत यादव, शक्ति बरमैया,आकाश मिश्रा, विकास गोलानी, राधे साहू,एवं भाजपा एवं भाजपा युवा मोर्चा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# शिक्षा के साथ साथ संस्कार से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास

**पाटन, यशभारत।** संयुक्त संचालक शिक्षा श्री रामकुमार स्वर्णकार के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन का औचक निरीक्षण किया गया,इस दौरान उन्होंने स्कूल में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जेडी के द्वारा कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल मैदान तथा कक्षाओं का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान जेडी ने बच्चो से भी कक्षाओं में जाकर पढ़ाई की प्रगति की जानकारी ली निरीक्षण के दौरान जेडी ने सभी बच्चो तथा शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ संस्कारवान होना भी अत्यंत आवश्यक है,परीक्षा समीप है सभी बच्चे पूर्ण मनोयोग के साथ पढ़ाई करे तथा अच्छे नंबरों से पास होकर अपना तथा समाज का नाम रोशन करे। इस दौरान जेडी ने स्कूल के स्टाफ तथा व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राचार्य अनुज कुमार सेन को विद्यालय के कुशल संचालन के लिए बधाई दी जेडी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के



प्राचार्य अनुज सेन,विष्णु पटेल,कृष्णकांत शर्मा, रचना श्रीवास्तव, सारिका शुक्ला, राहुल श्रीवत्री, बंदना साहू,रत्ना तिवारी, शिवकुमार त्रिपाठी सहित सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा

# कार से 350 पाव देशी 48 पाव अंग्रेजी शराब और परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त आरोपी गिरफ्तार

**पाटन, यशभारत।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों को चिन्हित करने हेतु आदेशित किया गया है और इसी के तहत पाटन के नुनसर चौकी अंतर्गत क्राइम ब्रांच और पाटन पुलिस द्वारा इंडिका कार से 350 पाव देसी और 48 पाव अंग्रेजी शराब जप्त की गई पाटन थाना प्रभारी आसिफ इकबाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक इंडिका कार जो कि जबलपुर से पाटन की ओर आ रही है जिसमें अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है ग्राम रोझा के निकट क्राइम ब्रांच और पाटन पुलिस की टीम द्वारा जबलपुर की ओर से आ रही भूरे रंग की इंडिका कार कार क्रमांक एमपी 20 एफए 4754 को रोका गया पुलिस को देखकर कार चालक द्वारा कार की स्पीड बढ़ा दी गई जिसका पीछा करते हुए पुलिस ने उक्त कार को बरोदा तिराहे



के पास पकड़ लिया कार में बैठे सोहित यादव उम्र 19 वर्ष निवासी डगडगा हिनोता और आकाश बर्मन पिता मुल्लू बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम घंसौर से पूछताछ की गई और उक्त कार की तलाशी ली गई तो कार की डिक्की में 8 कार्टून रखे मिले जिनमें 350 पावर देसी शराब और 48 पाव अंग्रेजी शराब कीमत ?35700 रखी पाई गई नुनसर चौकी प्रभारी दुर्गेश मरावी और उनकी टीम द्वारा उक्त आरोपी के पास से शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन



**गोटेगांव, यशभारत।** बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में आज बाल शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं हम सभी के मार्गदर्शक डॉ गौतम भद्र जी एवं बाल शिक्षा समिति के पूर्व सचिव एवं प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी सिंघई अनिल जैन जी के मार्गदर्शन में आज 12 जनवरी को युवा दिवस विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें बाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष पंकज जैन सचिव बीडी सोनी कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार सह सचिव आनंद अग्रवाल एवं विद्यालय प्राचार्य शिव शंकर पाठक प्रभारी प्राचार्य संदीप जैन पीटीआई राहुल नामदेव उमाकांत राजपूत एवं सुपरवाइजर दीपक कुशवाहा तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे इस आयोजन पर अपने वक्तव्य रखते हुए संस्था प्राचार्य श्री पाठक जी ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें नियमित योग करना आवश्यक है। आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है। हम सभी उनको प्रणाम करते हुए आगे बढ़ें और उनके बताएं हुए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ने का संकल्प लें। बाल शिक्षा समिति अध्यक्ष द्वारा बताया गया की स्वामी जी ने संदेश दिया है कि उठो, जागो और जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए तब रूको मत पहले की अपेक्षा आज योग की बहुत आवश्यकता है। पहले पर्यावरण, वातावरण, खान पान, रहन सहन आदि सभी आज की अपेक्षा साफ सुधरा व प्राकृतिक था। परंतु आज वर्तमान परिपेक्ष्य में यह सब दूषित हो गया। हमारा वातावरण, प्रदूषित पर्यावरण, फास्ट फूड एवं डिब्बा बंद भोज्य पदार्थ, विटामिन और प्रोटीन रहित खान पान, बदलता परिपेश और विकृत मानसिकता ने हमारे संपूर्ण स्वास्थ को प्रभावित किया है। और इससे बचने का एक मात्र उपाय योग है। योग अपनाकर हम हमारे शरीर की पाचन क्रिया को मजबूत बना सकते हैं। जैसे अपच, गैस, अरुचि, अजीर्ण, कब्ज आदि पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। हम योग के द्वारा बीपी, मधुमेय, ह्दय रोग आदि घातक विमारियों से भी लड़ सकते हैं। योग हमें शारीरिक संपन्नता के साथ साथ मानसिक शक्ति भी प्रदान करता है और हमें मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती हे। विधार्थियो को योग बहुत आवश्यक है। बाल शिक्षा समिति सचिव द्वारा बताया गया कि आप सभी योग के माध्यम से बहुत आसानी से शारीरिक ब व्यक्तिव विकास कर सकते हैं। पढ़ाई के समय योग निद्रा एवं ध्यान के माध्यम से हम अपनी स्मरण शक्ति और बौद्धिक क्षमता को बड़ा सकते हैं। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों व छात्रावासों में भी किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा उपस्थित होकर सूर्य नमस्कार, व योगासन क्रिया की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय गान व मध्यप्रदेश गान से हुआ और आकाशवाणी के माध्यम के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के संदेश प्रसारण किया गया।

# मेडबिक्री ने प्री-सीड फंडिंग में 650,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए

**मुंबई,एजेंसी।** मेडब्रिकी, एक यूनिक इन्वेंट्री मैनेजमेंट एप, के निर्माता ने घोषणा की है कि उन्होंने प्री-सीड फंडिंग राउंड में 650,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। प्री-सीड राउंड का नेतृत्व 3 वन4 कैपिटल ने किया था। इसमें अन्य निवेशकों में सिद्धार्थ आहलूवालिया (संस्थापक, 100 एक्स एंटरप्रेन्योर), तेज कपूर (मैनेजिंग पार्टनर, आइवीकैप), संजीव बरनवाल और विदित अत्रे (संस्थापक, मीशो), सौरभ अग्रवाल और मनीष जेठानी (संस्थापक, हेवो टेक्नोलॉजीज), राहुल शर्मा (सह-संस्थापक, जेटवर्क), अमित दमानी (संस्थापक, स्टेविस्टा), और वीरेन प्रसाद शेट्टी (कार्यकारी उपाध्यक्ष, नारायण हेल्थ) शामिल हैं।मेडबिक्री ऐप देश भर में फार्मेसियों के लिए मुफ्त में उपलब्ध है। यह एप केमिस्ट/फार्मासिस्ट को खरीदी के बिलों की तस्वीरें अपलोड करके, बिक्री के रिकॉर्ड ,ग्राहकों को ई-चालान और रिमाइंडर भेजकर आसानी से आपकी इन्वेंट्री को अपडेट करने का विकल्प देता है। कम्पनी इस फंड के जरिए टीम बनाएगी, प्रोडक्ट को डेवलप करेगी और पूरे भारत के फार्मेसियों तक मेडबिक्री को पहुँचाएगी। मेडब्रिकी का लक्ष्य पहले छह महीनों में यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड, दिल्ली और कर्नाटक में 50,000 केमिस्ट/फार्मासिस्ट को शामिल करना है।मेडबिक्री के संस्थापक और सीईओ चुशुल सूरी ने कहा कि भारत में मरीज की स्वास्थ्य से जुड़ी हर जरूरत को पूरा करने के लिए फार्मेसी पहला सेंटर प्वाइंट रहा है। आमतौर से मरीजों को लोकल फार्मासिस्ट पर भरोसा होता है, क्योंकि फार्मासिस्ट उन मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री को जानते है।



# शटल व फास्ट पैसेंजर में डिब्बे बढ़ाने की मांग

### स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर यश भारत।** सटल एवं फास्ट पैसेंजर ट्रेन में अतिरिक्त डिब्बा बढ़ाने की मांग को लेकर फास्ट पैसेंजर एवं सटल चलाओ संघर्ष समिति गाडरवारा द्वारा स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त गाड़ियों में डिब्बा बढ़ाने की मांग की गई है ज्ञापन में बताया गया है कि पश्चिम मध्य रेलवे इटारसी रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होने वाली सटल एवं मेमो ट्रेन में 13 डिब्बों की जगह सात डिब्बे हो जाने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इन ट्रेनों में कम डिब्बे होने के कारण यात्री गंतव्य की यात्रा करने वाले यात्रियों को खड़े-खड़े यह सफर तय करना पड़ता है जिससे उनको काफी असुविधा होती है गाडरवारा संघर्ष समिति के शिवकुमार देवेंद्र शर्मा अनिल साहू मुकेश जैन शरद सिंह मुकेश गुप्ता प्रदीप जैन दिलीप जैन सहित समिति के अन्य लोगों द्वारा बताया गया कि 13 डिब्बों की ट्रेन को बंद कर 7 डिब्बों की मेमू ट्रेन चलाना क्या न्यायसंगत है यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों मैं डिब्बे और बढ़ाए जाने की मांग की गई है।



# जीने की कला सिखाने वाले ही विवेकानंद है पूज्य महाराज धर्मराज पुरी महाराज



**गोटेगाँव, यशभारत।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में युवा दिवस आईकॉन विवेकानंद जयंती पर आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य धर्म राजा पुरी जी महाराज संस्था अध्यक्ष हाकम सिंह चढ़ार व्यवस्थापक राजकुमार जैन पूर्व छात्र राजकुमार पटेल सत्येंद्र पाटिल राजेश पांडे शिक्षक बसंत नामदेव शिक्षक अनीश खरे धर्मेंद्र पटेल इंजीनियर अमरनाथ विश्वकर्मा पूर्व आचार्य शिक्षक जसवंत पटेल पूर्व आचार्य अंग्रेजी शिक्षक चंद्रगुप्त आर्य के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती पूजन से स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन से हुआ मुख्य अतिथि पूजनीय धर्म राजा भारती जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहां की कि आप अपना चरित्र संस्कार कभी न गवाए मदद के बदले गलत विचारों पर सहमति न दें अंधविश्वास हर धर्म धर्म विश्वास सिखाता है चरित्र के साथ कमाई सिखाने वाली शिक्षा लें उन्होंने हमेशा भारतीय इतिहास व अपनी विरासत जाने पर जोर दिया अंग्रेजी के पक्षपात भरे शोध नकारते हुए धर्म आचार व्यवहार जानने को बढ़ावा दिया शिक्षा में चरित्र बनाए रखते हुए धन कमाना नहीं सिखाती इस पर कोई विचार भी नहीं कर रहा शिक्षा वह है जो जीवन में भावों के दृढ़ संस्कारी असल शिक्षा है जसवंत पटेल शिक्षक ने सरस्वती शिशु मंदिर जहां संस्कार पर बल देती है आज इस कार्यक्रम से हमें अंग्रेजी के प्रति छोटे छोटे भैया बहनों में जो भाव पैदा हो रहे हैं यह महत्वपूर्ण है उन्होंने शिशु मंदिर की भी भूरी भूरी तारीख थी संस्था व्यवस्थापक राजकुमार जैन ने विवेकानंद की मार्मिक व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा अपनी छोटी सी जिंदगी में कई बड़े सबक सिखा गए हो हमें बहुजन हिताय बहुजन के प्रचार का संकल्प का भाव पैदा किया प्राथमिक विभाग के भैया बहनों ने अंग्रेजी की प्रस्तुति की कितना नमामि झारिया कृष्णा अवस्थी हर्षिता अनुष्का सूरज सिलावट अर्थ और ठाकुर अथर्व श्रीवास्तव वैशणवी लोधी अभिनव विश्वकर्मा समृद्धि पांडे आवाज चौधरी हर्षिता पर सवार हिमांशी अभिषेक छोटे छोटे भाइयों बहनों की प्रस्तुति से सभी को मंत्र मुगघकर दिया अतिथि परिचय संस्था प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति थी संस्था आचार्य राम सिया मिश्रा कमलेश मिश्रा प्रदीप नामदेव संजय जैन किशोर शुक्ला सरदार पटेल संगीता जैन सविता राजपूत अंजना दीक्षित तुलसा नामदेव उषा माया किरण कल्पना चौरसिया सुलेखा सोनी दीपिका पटेल मीणा जानकी पटेल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका थी कार्यक्रम का सफल संचालन वंदना पटेल माया चौरसिया अनिल अग्निहोत्री ने किया।



# स्वराज ट्रैक्टर्स ने लकी ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा की

**सतना , यशभारत।** महिंद्रा समूह की सहायक कंपनी, स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज भोपाल में लकी ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा की। यह लकी ड्रॉ इवेंट सितंबर-नवंबर 2022 के दौरान बाजार में चलाई गई उपभोक्ता योजना का हिस्सा है। पुरस्कारों में बाइक, रोटावेटर, एलईडी टेलीविजन, फ्रिज, मोबाइल, जूसर मिक्सर शामिल थे और शीर्ष पुरस्कार विजेताओं को कारों से सम्मानित किया गया। लकी ड्रॉ की शुरुआत मध्य प्रदेश के स्वराज डीलर्स से हुई थी। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश के सम्मानित स्वराज ग्राहकों, डीलरों और कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।जिन ग्राहकों ने लकी ड्रा के पुरस्कार जीते हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, उनसे स्वराज डीलर्स द्वारा संपर्क किया जाएगा, ताकि वे निकटतम स्वराज डीलरशिप पर आकर अपने उपहार ले सकें।

# हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का विजयी आगाज

**स्पेन को 2-0 से हराया...अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने दागे गोल**

**राउरकेला, एजेंसी। भारत ने हॉकी वर्ल्ड कप में विजयी आगाज किया है। शुक्रवार को भारतीय टीम ने स्पेन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप-डी के पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई है, जबकि इंग्लैंड नंबर-1 पर है। पिछले मैच में अंग्रेजों ने वेल्स को 5-0 से हराया। दूसरी ओर, भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना ने साउथ अफ्रीका को 1-0 और ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस को 8-0 से हराया।**



भारत की ओर से अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह ने गोल दागे। अमित प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। जीत के बाद रोहिदास ने कहा- च्यह मेरी जिंदगी का अविस्मरणीय पल है। जहां मैं हॉकी खेलते हुए बड़ा हुआ, उसी जगह पर वर्ल्ड कप में पहला गोल दागा। इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैच देखने परिवार के सभी सदस्य आए थे।ज अमित ने कहा- च्यूं ही भारत का सपोर्ट करते रहें, हम जरूर जीतेंगे।ज

वहीं, जीत के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने माना- च्हमारी डिफेंस लाइन और मजबूत होनी चाहिए। स्पेन के खिलाफ हमने कई गलतियां की। हमें सीखने की जरूरत है।ज पेनल्टी के सवाल पर हरमन ने कहा- च्इसे भूलकर हम आगे बढ़ेंगे।ज कोच ग्राहम रीड बोले- च्जब टीम 10 खिलाड़ियों से खेल रही थी, उस समय मैं काफी दबाव में थे।

**पहला क्वार्टर-अमित रोहिदास ने दिलाई 1-0 की बढ़त**

पहले क्वार्टर के ही खेल में भारत ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के 12वें मिनट में मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर अमित रोहिदास ने रिबाउंड गोल दागा। हालांकि, टीम ने पेनल्टी पर 2 दफा गोल करने के मौके भी गंवाए। 12वें मिनट में कुनिल पेपे को ग्रीन कार्ड मिला।

दूसरा क्वार्टर -हार्दिक के गोल से बढ़त दोगुनी, पेनल्टी चूका स्पेन

हाफ टाइम से पहले स्पेन की टीम ने बराबरी हासिल करने के खूब प्रयास किए, लेकिन भारत के डिफेंडर्स ने उसे विफल कर दिया। उसे 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में बराबरी का मौका मिला, लेकिन मेहमान टीम उसे भुना नहीं सकी। उसके तुरंत बाद 26वें मिनट में हार्दिक सिंह ने शानदार मैदानी गोल दागते हुए भारत की बढ़त 2-0 कर दी। हाफ टाइम से ठीक पहले आकाशदीप को ग्रीन कार्ड मिला।

तीसरा क्वार्टर -इंडिया ने गोल के 3 मौके गंवाए, पेनल्टी चूके कप्तान

हाफ टाइम के बाद दोनों ही टीमों ने आक्रमण जारी रखा। तीसरे क्वार्टर के दूसरे और मैच के 32वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, लेकिन भारतीय कप्तान हरमनप्रीत इस मौके को भुना नहीं सके। स्पेनिश गोलकीपर रफी एड्रियन ने शानदार बचाव किया। अगले ही मिनट में रेन मार्क को यलो कार्ड मिला। 37वें और 43वें मिनट में भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, लेकिन गोल नहीं हुआ। तीन क्वार्टर के बाद स्कोर लाइन 2-0 ही रही।

**चौथा क्वार्टर -अभिषेक को यलो कार्ड, भारत ने दो पेनल्टी दिए**

चौथे क्वार्टर की शुरुआत में अभिषेक को यलो कार्ड मिला। आखिर के 10 मिनट में भारत ने 2 पेनल्टी कॉर्नर दिए, लेकिन स्पेन की टीम गोल करने में नाकाम रही। स्पेन को 53वें और 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला।



# 23 जनवरी को होगी अथिया-केएल राहुल की शादी

**खंडाला में होगा कपल का संगीत, पेरेंट्स सुनील-माना शेट्टी करेंगे परफॉर्म**

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और इंडियन क्रिकेटर केएल राहुल जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों की शादी इसी साल 23 जनवरी को सुनील शेट्टी के खंडाला वाले बंगले पर होगी। कपल से जुड़े एक सूत्र ने शादी के बारे में बात करते हुए खुलासा किया कि 21 जनवरी को दोनों का संगीत होगा और इसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल होंगे।

अथिया और केएल राहुल से जुड़े सूत्र ने शादी के बारे में बात करते हुए कहा, च्अथिया की सबसे करीबी दोस्त जैसे एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन पहले से इसका हिस्सा होंगी। बाकी के गेस्ट संगीत के दिन ही शामिल होंगे। इसमें अथिया के दोस्तों के साथ-साथ भाई अहान और पेरेंट्स सुनील और माना शेट्टी के परफॉर्म करने की भी उम्मीद की जा रही है। ये एक बेहद क्लोज वेडिंग होगी। इस शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और फैमिली मेंबर्स ही शामिल होंगे। कहा ये भी जा रहा है कि इसमें इंडस्ट्री के ज्यादा लोग शामिल न होंगे।ज

**अमी पटेल करेंगी अथिया को स्टाइल**

सुनील का खंडाला वाला घर जहान 17 साल पुराना है। शादी के समय इसमें सभी गेस्ट तो नहीं रुक पाएंगे। इस वजह से वो 5 स्टार होटल में रुकेंगे। वहीं कहा ये भी जा रहा है कि अथिया को सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट अमी पटेल स्टाइल करेंगी, जबकि केएल राहुल को स्टाइलिस्ट राहुल विजय स्टाइल करेंगे।

**दोनों को अक्सर एक साथ किया जाता है स्पॉट**

राहुल और अथिया करीब तीन साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को अक्सर एक दूसरे के साथ वेकेशन पर जाते रहते हैं। काफी समय तक दोनों ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा था। अथिया अक्सर केएल राहुल के साथ उनके इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों में उनके साथ स्पॉट की जाती हैं। हाल ही में दोनों ने न्यू-ईयर भी साथ में सेलिब्रेट किया था। दोनों ने साथ में एक-दूसरे की फोटोज भी शेयर की थीं।

# थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** जिला एवं खेल युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा युवाभवन के इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया। अध्यक्षता मप्र ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ने की। अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल अनिल अब्राहम, बलदेवराज धूपर, नारंग, गुलशन शर्मा, सैयद अली उपस्थित रहे। संचालन प्रशांत मिश्रा आभार प्रदर्शन कुलदीप सिंह बरार ने किया। प्रतियोगिता में जबलपुर पैंथर्स ने जबलपुर शार्कस् को 14-8 से पराजित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन 15 मैच खेले गए। इसमें- इनफिनिटी एक्स ने बेंगलोर हेरिकेन्स को 18 15. ए स्टाइ वायसन ने डीसीसी लॉयन्स को 21-19, खालसा टाइगर्स ने कांति रुपम को 19-15, एमबीएमएफ सिंघम ब्वॉयज ने मुंबई विजार्ड को 21-11, डीसीसी लॉयन्स - इनफिनिटी एक्स को 21-18, खालसा इगर्स ने जबलपुर पेंथर्स को 15-11, -स्टार वायसन ने बेंगलोर हैरिकेन्स को 20- जबलपुर शार्कस् ने एनबीएमएफ सिंघम को 17-12 और कांति रुपम नेमुंबई विजार्ड को 18-11 अंकों से पराजित किया।

# विमेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप आज से

**भारत का पहला मैच मेजबान साउथ अफ्रीका के खिलाफ**

**कैपटाउन, एजेंसी ।** आज से ICC का पहला अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। 20 ओवर फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में भारत अपने अभियान की शुरुआत आज से ही करेगा। पहला मैच होम टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ शाम 5-15 बजे से बेनोनी के स्टेडियम में होगा। 16 टीमों के टूर्नामेंट में कुल 41 मैच होंगे। 29 जनवरी को फाइनल खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका टूर्नामेंट होस्ट कर रहा है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद 9 फरवरी से यहां विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप भी होगा। बेनोनी और पोचेस्ट्रूम शहर के 4 स्टेडियम में अंडर-19 वर्ल्ड कप के सभी मैच खेले जाएंगे। 16 टीमों को 4-4 के चार अलग ग्रुपों में बांटा गया है। टीम इंडिया मेजबान साउथ अफ्रीका, स्कॉटलैंड और् श्व के साथ ग्रुप-डी में है।चारों ग्रुप की टॉप-3 टीमें सुपर-6 राउंड में जाएंगी। इनसे 6-6 टीमों के 2 पुल बनेंगे। ग्रुप-ए और ग्रुप-डी की 3-3 टीमें पुल-1 में जाएंगी। ग्रुप-बी और ग्रुप-सी की 3-3 टीमें पुल-2 में जाएंगी। दोनों पुल की 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। सेमीफाइनल जीतने वाली टीमें फाइनल में पहुंचेगी। फाइनल जीतने वाली टीम द्वष्ट के पहले अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप की चैंपियन बनेगी।

**ग्रुप स्टेज में 3 मैच खेलेगा भारत**

टीम इंडिया शेफाली वर्मा की कप्तानी में उतरी है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड की उप कप्तान श्वेता सेहरावत हैं। भारत की सीनियर टीम से खेल चुकीं विकेटकीपर ऋचा घोष भी टीम में शामिल हैं। शनिवार शाम 5-15 बजे बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में भारत का पहला मैच साउथ अफ्रीका से होगा। 16 जनवरी को दोपहर 1-30 बजे यूएई से दूसरा और 18 जनवरी को शाम 5-15 बजे स्कॉटलैंड से भारत का तीसरा मैच होगा। सभी मैच बेनोनी में ही होंगे।

**भारत कैसे पहुंचेगा अगले राउंड में**

ग्रुप स्टेज में भारत को 3 में से कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। ऐसा होने पर टीम इंडिया ग्रुप स्टेज की टॉप-3 टीमों में रहेगी और सुपर-6 राउंड में पहुंच जाएगी। सुपर-6 राउंड में 12 टीमों के बीच कुल 14 मैच होंगे। एक टीम 2 मैच खेलेगी। सेमीफाइनल खेलने के लिए भारत को दोनों ही मैच जीतने होंगे।

# पेड़ से लटका मिला ओडिशा की महिला क्रिकेटर का शव-परिवार ने कोच पर लगाया हत्या का आरोप



**कटक, ईएमएस।** एक ओर ओडिशा हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है, जिस कारण चारों ओर उसकी वाहवाही हो रही है। वहीं, दूसरी ओर इसी राज्य में एक महिला क्रिकेटर की संदिग्ध मौत की खबर आ रही है। 26 साल की राजश्री स्वेन का शव ओडिशा के जंगल में पेड़ से लटका मिला। परिजन ने कोच पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार राजश्री स्वेन 11 जनवरी से लापता थीं। उनका शव शुक्रवार (13 जनवरी) को कटक के करीब घने जंगल में मिला। कटक के डीसीपी पिनाक मिश्रा ने कहा, च्राजश्री का शव अथागढ़ क्षेत्र में गुरूदिझाटिया जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। राजश्री के कोच ने गुरुवार (12 जनवरी) को कटक में मंगलाबाग पुलिस थाने में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।मिश्रा ने कहा, च्गुरुदिझाटिया पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस को अभी तक उनकी मौत के कारण का पता नहीं चला है। हालांकि राजश्री के परिजन ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या की गई है क्योंकि उसके शरीर पर चोट के निशान थे और उसकी आंखों को भी नुकसान पहुंचाया गया था।राजश्री का स्कूटर जंगल के करीब मिला था। उनका मोबाइल भी बंद था। पुलिस ने कहा- च्सभी पहलुओं से जांच की जाएगी।ज वहीं, महिला क्रिकेटर के परिवार के सदस्यों ने कहा- च्राजश्री सहित करीब 25 महिला क्रिकेटर ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) द्वारा बाजराकाबाटी क्षेत्र में आयोजित ट्रेनिंग शिविर का हिस्सा थीं। जो पुडुचेरी में होने वाले आगामी नेशनल टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए लगाया गया था। सभी एक होटल में ठहरीं। ओडिशा राज्य महिला क्रिकेट टीम की घोषणा 10 जनवरी को की गई थी, लेकिन राजश्री का नाम सूची में नहीं था।ज्पुलिस ने कहा कि अगले दिन खिलाड़ी अभ्यास के लिए तांगी क्षेत्र में क्रिकेट मैदान में गईं, लेकिन राजश्री ने अपने कोच को बताया कि वह अपने पिता से मिलने के लिए पुरी जा रही हैं।

# जूडो-खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयनित दो खिलाड़ी



**जबलपुर, यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 हेतु मध्य प्रदेश जुडो दल में नगर के दो प्रतिभावन जूडो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता के अनुसार संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा साई सेंटर गोरेगांव भोपाल में विगत दिनों आयोजित जूडो की चयन स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा शासकीय उपक्रमों के साथ ही राज्य जूडो खेल एकेडमी के नेशनल रैंकिंग जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला जूडो संघ के सचिव/जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स जो कि भोपाल में दिनांक 30 जनवरी से 10 फरवरी 2023 तक मध्य प्रदेशशासन द्वारा आयोजित है के लिए होस्ट स्टेट टीम हेतु बालक एवं बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ी – 81 कि.ग्रा. भार वर्ग में शफीउर्रहमान व – 40 कि.ग्रा. भार वर्ग में सारका अंजुम हुए हैं। वर्तमान में यह खिलाड़ी नगर के वरिष्ठ जूडो कोच। आबिद हुसैन खान के नेतृत्व में श्री त्रिभुवनदास मालपानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं जूडो खेल का प्रशिक्षण ले रहे हैं खिलाड़ियों के इस सफलता पर मध्य प्रदेश जूडो संघ के जगजीत सिंहसंधू ,नरेश टटवाडे, कुरूष दिनशा,ओलम्पिक संघ के दिग्विजय सिंह जिला खेल युवा कल्याण विभाग अधिकारी आशीष पांडे, अजय कुमार तिवारी, राजकुमार मिश्रा, सत्येंद्र गुरु, शाहिदा अली, मीनल सक्सेना एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारी, तावेज अली मनीष श्रीवास्तव,राजिक अंसारी विवेक व्यास,आमिर खान, सैयद फैजान,उवैस अंसारी आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जबलपुर की धरती से देश को मिलेंगे खेलो के रत्न :ज्योतिरादित्य सिंधिया

**जबलपुर, यशभारत। सांसद खेल महोत्सव के बाद जबलपुर की धरती से निकलकर देश को खेलों के रत्न के रूप में अनेकों प्रतिभाएं मिलेंगी और जिस तरह का यह आयोजन है उससे निश्चित रूप से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी, यह बात सांसद खेल महोत्सव के द्वितीय दिवस परंपरागत खेलो के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवँ इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रानीताल स्टेडियम में कही। उन्होंने पिट्ठू, कंचे जैसे खेलो को खेला साथ ही उन्होंने तीरंदाजी भी की और खेलो का लुफ्त उठाया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जबलपुर के सांसद राकेश सिंह का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने प्रतिस्पर्धी खेलों के सतग ही पारंपरिक खेलों का आयोजन किया और अपना सौभाग्य समझता हूं कि मुझे इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर मिला।**



सांसद खेल महोत्सव में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने खुद खेल कर की परंपरागत खेलों की शुरुआत उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि भारत विश्व गुरु के रूप में दुनिया के सामने उजागर हो जिसमें सबसे बड़ी शक्ति देश की युवा शक्ति है हमारे देश की 135 करोड़ की आबादी में 70त्न युवा शक्ति है जो कुल लगभग 90 करोड़ है जो अमेरिका की 3 गुना आबादी और पूरे यूरोप की दोगुना आबादी के बराबर है। हमारे देश में 90 करोड़ लोगों की औसत आयु लगभग 35 वर्ष है और यदि विश्व में परिवर्तन लाया गया है तो उसमें युवा शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है ।

श्री सिंधिया ने कहा कि आने वाली शताब्दी और युग भारत का है और इस शताब्दी में इस युग में भारत माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत का झंडा पूरी दुनिया में लहरा रहा है इस वर्ष जी 20 की अध्यक्षता हमारा देश भारत कर रहा है। पूरी दुनिया आज भारत को मान सम्मान की दृष्टि से देख रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है कि भारत हर क्षेत्र में अग्रसर हो आगे बढ़कर भारत का झंडा पूरे विश्व में सबसे ऊपर हो और पिछले आठ वर्षों में चाहे कॉमनवेल्थ गेम्स हो या ओलंपिक हो भारत के खिलाड़ियों ने देश के झंडे को बुलंद किया है और इस तरह के आयोजन, खेलों इंडिया के आयोजन से देश की युवा शक्ति उभरकर आएगी और देश का नाम रोशन करेगी ।

श्री सिंधिया ने कहा कि भारत खेल में तब आगे बढ़ेगा जब इस तरह के आयोजन किया जाएं और जमीनी स्तर पर जाकर प्रतिभाओं को प्रदर्शन के अवसर उपलब्ध कराए जाए जैसा जबलपुर में हो रहा है। जहां ग्रामीण क्षेत्र, शहरी क्षेत्र से लेकर जिले का हर वर्ग इन खेलो में हिस्सा ले रहा है और आधुनिकता के साथ ही परंपरागत खेलों का आयोजन एक अद्भुत संगम बना रहा है।

उन्होंने कहा सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत भी ऐसे पावन दिन से हुई जहां एक युवा संत,बौद्धिक क्षमता के गुरु, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती थी और इसका समापन भी ऐसे ऐतिहासिक दिन होगा जिस महापुरुष ने लोगों के मन में क्रांति की एक मशाल आजादी पाने के लिए जलाई हमारे नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर होगा। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से अनेकों प्रतिभाएं अपना प्रदर्शन दिखाकर आगे बढ़ते हुए नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री राकेश सिंह ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है प्रधानमंत्री जी का प्रमुख उद्देश्य यह है कि देश का युवा आगे बढ़कर पूरे विश्व में भारत माता का नाम रोशन करें और गांव गांव से लेकर देश तक हर व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिले ताकि हर खिलाड़ी उचित स्थान प्राप्त कर अपना नाम कमाए।

श्री सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में कई परंपरागत खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि आज की युवा पीढ़ी हमारे पुराने खेल जो हमारे पुरातन काल से चले आ रहे हैं उनके विषय में जानकारी जानकर उन में हिस्सा ले और शारीरिक रूप से भी स्वस्थ एवं मजबूत बन सके।

उन्होंने कहा सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से हमने उन पारंपरिक खेलों का आयोजन किया है जिनमें बहुत से खेल ऐसे भी हैं जिनको शायद आज की पीढ़ी जानती भी नहीं है जैसे कन्ना दूडी, गिल्ली डंडा, चींटी धप्प, पिट्ठू, भौरा, लाठी जैसे ऐसे अनेकों खेल का आयोजन आज किया गया। श्री सिंह ने बताया यह खेल 23 जनवरी तक प्रतिदिन स्टेडियम में होंगे जिन्हें आज की पी?ी के साथ ही सभी वर्ग के लोग खेल सकते है।



श्री सिंह ने बताया सभी खेलों में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को सांसद खेल महोत्सव के प्रमाण पत्र सौपे गए।श्री सिंधिया ने इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा इन खेलों से हम अपने बचपन को फिर से जी लेते है और इन खेलों को आगे बढ़ाया जाना चाहिये।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में दैनिक भास्कर के प्रबंध संचालक कैलाश अग्रवाल, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नंदनी मरावी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार, जिप अध्यक्ष संतोष बरकड़े, पूर्व मंत्री शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू प्रतिभा सिंह, पूर्व महापौर प्रभात साहू, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, अभिलाष पांडे, अरविंद पाठक, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह क्रीड़ा भारती के क्षेत्र प्रमुख भीष्म सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनोरमा पटेल, मंचासीन थे।

**आज पतंगोत्सव**

सांसद खेल महोत्सव के तीसरे दिन मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उत्सव का आयोजन रानीताल स्टेडियम में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर थे।

## गोसलपुर में ट्रेक्टर-ट्राली गैंग का पर्दाफास

# 6 आरोपी गिरफ्तार, 9 लाख 70 हजार की ट्रेक्टर-ट्रॉली बरामद

**जबलपुर, यशभारत।** गोसलपुर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली गैंग का पर्दाफास करते हुए 6 शातिर आरोपियों को दबोच लिया। जिनसे पुलिस ने ट्रेक्टर और 6 ट्रॉलियां बरामद की है। आरोपी खेता में खड़ी ट्रॉलियां, ट्रेक्टर में फांसकर चुरा ले जाते थे और बाद में उन्हें छुपाकर बेंच देते थे। जिनकी शिकायत के बाद मुस्तैद पुलिस ने टीम बनाकर गैंगा का पर्दाफास कर दिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि थाना गोसलपुर क्षेत्र से चार लोहे के ट्रेक्टर ट्राली चोरी होने की सूचना थाना गोसलपुर को प्राप्त होने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गये थे । जिसके बाद पुलिस ने चोरों की गैंग के 6 आरोपियो को गिरफ्तार कर थाना गोसलपुर क्षेत्र से चोरी गयी 104 ट्रेक्टर ट्राली के अलावा थाना सिहोरा व थाना मझौली क्षेत्र से चोरी गयी ट्रेक्टर ट्रालियो को एंव चोरी करने के लिये उपयोग किये गये ट्रेक्टर कुल कीमती 970000 रुपये (नौ लाख 70 हजार रुपये) का मशरुका बरामद किया गया।



### दूसरे क्षेत्रों में बेंच देते थे ट्रालियां

विवेचना के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि थाना गोसलपुर क्षेत्र का रहने वाला अभय सिंह राजपूत द्वारा अपने साथी आर्यन उर्फ जानिसार खान, प्रिंस श्रीवास, बिट्टू उर्फ सौरभ राजपूत के साथ मिलकर एक चोरों की टोली तैयार करे ट्रेक्टर से खेतों में व घरों के आस पास खड़ी ट्रेक्टर ट्रालीयों को चुराकर बेचने के लिये दूर दूर स्थानों पर छुपाकर रखे है और बेचने के लिये लोगो से चर्चा कर रहे है । जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने चारों संदेहियों से पूछताछ की तो आकाश जयसवाल निवासी शहपुरा एवं आकाश जयसवाल के मामा मुकेश शिवहरे को अपनी चोरों की टोली में शामिल कर चुराई गयी ट्रालियो मे से 3 ट्रालीया थाना धनौरा जिला सिवनी अंतर्गत ग्रामों में छिपाकर रखना बताया। इतना ही नहीं एक ट्राली ग्रामपाटन, एक ट्राली ग्राम मोहनिया थाना पनागर एंव एक ट्राली खजरी खिरिया बायपास के पास छुपाकर रखना बताया जो आरोपियो की निशादेही पर सभी 6चोरी गयी ट्रालीया एंव चोरी करने में प्रयुक्त किया गया ट्रेक्टर उक्त सभी 6 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। गैंग का पर्दाफास करने में एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल, अनुविभागीय अधीकारी सिहोरा श्रीमती भावना मरावी, थाना गोसलपुर से थाना प्रभारी उनि अनिल मिश्रा, उपनिरी. सतीश अनुरागी, आरक्षक नीरज चौरसिया , आरक्षक 886 सतेन्द्र बिसेन, आर. 2508 अवदेश, सायबर सेल आर. आदित्य परस्त, आर. आशीष सैनिक शिवकुमार दुबे की उल्लेखनीय भूमिका रही।



## अरुणोदय पंचांग में संकलित जानकारी सारगर्भित व जनउपयोगी:ब्र. सुबुद्धानंद

**जबलपुर,यशभारत।** ब्रह्मलीन जगतगुरू शंकराचार्य स्वाती स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के निज सचिव रहे ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद सरस्वती महाराज ने गत दिवस परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वरधाम में आयोजित दीक्षा दिवस पर घर का पंडित अरुणोदय पंचांग का लोकार्पण व अवलोकन किया । उन्होंने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पंचांग में संकलित जानकारी सारगर्भित व जनउपयोगी है। इस मौके पर डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन,सुरेश मिश्र विचित्र ,राज सागरी, रुद्रदत्त दुबे, संजय पांडे आदि मौजूद रहे।

## व्रत के उद्यापन को लेकर हुआ वबाल गोलीकांड की सूचना पर पहुंची पुलिस

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के बापूनगर में दो महिलाएं आपस में उलझ पड़ी। जिसके बाद पूरे रास्ते में मजमा लगा और दर्जनों लोगों ने महिलाओं को घेर लिया। जिसके बाद पुलिस के पास सूचना पहुंची तो हाथपाई के दौरान गाली चली है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया। दरअसल वैभव लक्ष्मी वृत के उद्यापन में शामिल होने की बात को लेकर दोनां में कहासुनी हो गयी। जिसके बाद क्षेत्र में देखते ही देखते हड़कंप मच गया। पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। थाना प्रभारी सहदेवराम साहू ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बापू नगर में एक महिला के घर में वृत का उद्यापन चल रहा था। जिसमें शामिल होने एक महिला पहुंची थी। तभी दूसरे महिला ने चरित्र पर संदेह करते हुए गालीगलौच कर दी और देखते ही देखते दोनों ही महिलाओं के परिजन आपस में भिड़ गये और जमकर मारपीट कर दी।

**रांझी में महिलाओं ने की आपस में जमकर मारपीट**

# पनागर उपर्जान केन्द्र में 6 लाख 97 हजार की धोखाधड़ी



**जबलपुर, यशभारत।** पनागर उपर्जान केन्द्र में ऑडियो और वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने शिकायती आवेदन पर समिति प्रबंधक के खिलाफ 6 लाख 97 हजार की धोखाधड़ी का मामला कायम कर, पूरा मामला विवेचना में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना पनागर में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि पांडे द्वारा सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित उपर्जान केन्द्र में अनियमित्ता के संबंध में तथा समिति प्रबंधक राजेश पटैल पिता चन्नू लाल पटैल द्वारा किसानों से अतिरिक्त लाभ लेकर धोखाधड़ी करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसपर प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन जारी है।

**समिति प्रबंधक ने किसानों को ठगा, एफआईआर दर्ज**

## गोरखपुर में 6वीं की छात्रा का अपहरण

# सहेली के साथ गई फिर नहीं लौट सकी घर , क्षेत्र में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर के मांडवा नयागांव से एक छटवी की छात्रा के अपहरण के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। कल छात्रा परिजनों को सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन फिर घर नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद सकते में आए परिजनों ने आसपास बहुत खोजबीन की।**




लेकिन जब छात्रा का कहीं सुराग नहीं मिला तो परिजन थकहार कर सीधे थाने पहुंचे। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, छात्रा की दस्तयाबी को लेकर सरगर्मी से प्रयास कर रही है।

पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 12 वर्षीय छात्रा छटवीं कक्षा में अध्ययनरत थी। जिसने कल परिजनों से कहा कि सहेली के साथ, दूसरी सहेली के घर जा रही है। लेकिन छात्रा देर रात घर नहीं पहुंची। परिजनों ने सहेली के घर जाकर देखा लेकिन वहां भी छात्रा नहीं पहुंची। जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत की है। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही पुलिस मामला दर्ज होते ही हरकत में आई पुलिस छात्रा के आसपास और रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड सहित शहर के प्रमुख मार्गो के सीसीटीव्ही फु टेज खंगाल रही है। परिजनों और आसपास के रहवासियों के कथन भी लिए जा रहे है।

# रांझी में 70 हजार की बाइक चोरी

## कानपुर गया था पीड़ित, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी की व्हीएफजे स्टेट से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़ित अपने घर कानपुर गया हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि पुष्पेन्द्र कुमार यादव 28 वर्ष निवासी व्हीएफजे स्टेट रांझी ने शिकायत देते हुए बताया कि व्हीएफजे में नौकरी करता है । उसका दोस्त वीरेन्द्र कुमार क्वाटर नम्बर 2308 ए न्यू टाईप 2 व्हीएफजे में रहता है जो अपने घर कानपुर गया हुआ है आज सुवह लगभग 7 बजे वीरेन्द्र कुमार ने उसे मोबाइल पर जानकारी दी कि घर में चोरी हो गयी है तो उसने जाकर देखा वीरेन्द्र के घर के अंदर खड़ी टीव्हीएस राईडर बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड ए 2971 एवं बाईक की चाबी , इंशोरेंस के कागज कीमती लगभग 70 हजार रूपये के कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को मातृ शोक, राज्यसभा सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** महापौर जगज बहादुर सिंह अन्नू की मां श्रीमति चंपा देवी सिंह का 81 वर्ष की आयु में आज तड़के निधन हो गया। श्रीमति चंपा देवी बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी जिनका इलाज जबलपुर अस्पताल हो रहा था। अंतिम यात्रा अपराह्न 3 बजे निज निवास मदन महल से गुप्तेश्वर मुक्तिधाम के लिए के पहुंचेगी। महापौर की मां के निधन पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक क़ृष्ण तन्खा ने श्रदांजलि दी है। साथ ही शहर के राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोग, प्रबुद्धजन और परिचित भी शोक संवदेनाएं प्रकट करने महापौर के घर पहुंच रहे हैं।
































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)